RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 शर्वरी ने मुंजा के एक साल...

वर्ष : 27 | अंक : 168 | website:wwwÐchetnamanchÐ- | नोएडा, रविवार, 08 जून, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2 I00 रु I | पेज: 8


**वृक्षारोपण**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औरैया के जनता इंटर कॉलेज, अजीतमल में वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने का किया आह्वान।

# देश में कोरोना संक्रमण की फिर बढ़ी रफ्तार

## सक्रिय मामले 6000 के पार, 24 घंटे में छह की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में कोरोना संक्रमण की तेजी से बढ़ती रफ्तार चिंता बढ़ाने लगी है। सक्रिय कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 6000 के पार पहुंच गया है। बीते 24 घंटों में छह कोरोना मरीजों की मौत भी हुई है, जिससे हालात और गंभीर हो रहे हैं।


केरल अब भी कोरोना के सबसे प्रभावित राज्यों में शामिल है, जहां कुल सक्रिय मामले 1950 पहुंच चुके हैं। केवल पिछले 24 घंटों में यहां 144 नए केस दर्ज किए गए हैं। इसके बाद गुजरात में 822, दिल्ली में 686, महाराष्ट्र में 595, कर्नाटक में 366, उत्तर प्रदेश में 219, तमिलनाडु में 194, राजस्थान में 132 और हरियाणा में 102 कोरोना के सक्रिय मामले सामने आए हैं।



मौत के आंकड़ों पर नजर डालें तो केरल में तीन कोरोना संक्रमितों की मौत हुई है, जिनकी उम्र 51, 64 और 92 वर्ष थी। सभी मरीज पहले से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे। कर्नाटक में भी दो संक्रमितों ने अपनी जान गंवाई, जिनकी उम्र 51 और 78 वर्ष बताई गई। दोनों मरीज भी अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित थे। इसके अलावा तमिलनाडु में एक 42 वर्षीय पुरुष की कोरोना से मौत हुई है।

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और कोरोना नियमों का पालन करने की अपील की है ताकि संक्रमण की गति को रोका जा सके।

# दिल्ली-एनसीआर में महसूस किये भूकंप के झटके




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में देर रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.3 रही, जोकि काफी कम मानी जाती है। भूकंप का केंद्र दिल्ली के दक्षिण-पूर्वी इलाके में था और जमीन की सतह से लगभग 5 किलोमीटर की गहराई पर आया। भूकंप करीब 1.27 बजे आया, जब अधिकांश लोग सो रहे थे, इसलिए ज्यादातर लोगों ने इसके झटके महसूस नहीं किए। फिलहाल, किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा है कि यह भूकंप सामान्य है और इससे क्षेत्र में कोई बड़ा खतरा नहीं है।

# कई राज्यों में बढ़ी भीषण गर्मी

## नोएडा में पारा 46 डिग्री के करीब पहुंचा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज उत्तर भारत के कई राज्यों में तेज़ गर्मी ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है। राजधानी दिल्ली में दिन का पारा करीब 42 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को छूने की संभावना है। शाम होते-होते उमस बढ़ने से आम जनता को काफ़ी तकलीफ हो सकती है।

उत्तर प्रदेश के नोएडा, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर और आगरा सहित राज्य के अधिकांश इलाकों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। खासतौर पर नोएडा में गर्मी का कहर सबसे ज़्यादा देखने को मिल रहा है, जहां तापमान 46 डिग्री के करीब पहुंच गया है। तपती हुई सड़कों और जलते सूरज ने यहाँ के लोगों का जीवन मुश्किल कर दिया है। बाजार सूने पड़े हैं और लोग दोपहर में अपने घरों में छिपे हुए हैं।

भारतीय मौसम विभाग ने आगामी तीन से चार दिनों तक लू के प्रकोप को जारी रहने का अनुमान लगाया है और लोगों को दोपहर के समय बाहर निकलने से बचने के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मॉनसून की पहली बारिश से पहले प्रदेश को इस भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

मौसम विशेषज्ञों ने नागरिकों से हल्के और ढीले कपड़े पहनने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने तथा धूप में कम समय बिताने की सलाह दी है, ताकि गर्मी के कारण स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बचा जा सके।

# रिटायर्ड आईएएस के बेटे ने लगाई फांसी

**लखनऊ (एजेंसी)।** राजधानी लखनऊ में इंदिरा नगर बी ब्लॉक में सूडा के प्रोजेक्ट मैनेजर सुधाकांत मिश्रा (59) ने घर में फांसी लगा ली। उनका शव फंदे पर लटका मिला। वह रिटायर्ड आईएएस मंगला प्रसाद के बेटे थे। सुधाकांत काफी समय से डिप्रेशन में चल रहे थे। सूचना पर मौके पर पहुंची गाज़ीपुर पुलिस ने शव को फंदे उतरवाकर कब्जे लिया। इसके बाद पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



इंदिरा नगर बी ब्लॉक निवासी कार्तिकेय मिश्रा ने बताया कि पिता सुधाकांत मिश्रा कई वर्ष से डिप्रेशन में थे। उनका इलाज भी चल रहा था। पिता सुधाकांत तीन माह बाद रिटायर होने वाले थे। कार्तिकेय के मुताबिक शनिवार को वह अपनी सास को को देखने अस्पताल गए थे। घर पर पिता सुधाकांत और मां इंदिरा थी।

रात में वह अस्पताल से घर पहुंचे तो पिता के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। मां दूसरे कमरे में थी। कई आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। खिड़की से झांक कर देखा तो पिता सुधाकांत फंदे से लटके हुए थे। दरवाजा तोड़कर भीतर गए पिता को फंदे से उतारकर पास स्थित निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर गाजीपुर के मुताबिक तनाव के चलते फांसी लगाने की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आईटी सेक्टर में चमका नोएडा सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट में नया रिकॉर्ड

## 2024-25 में 70,155 करोड़ रुपये का कारोबार

**नोएडा (चेतना मंच)।** निवेश और निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी बनते हुए नोएडा ने एक और बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया है। वित्त वर्ष 2024-25 में नोएडा स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया से जुड़ी इकाइयों ने 70,155 करोड़ रुपये का सॉफ्टवेयर निर्यात कर नया इतिहास रच दिया है।

एसटीपीआई के महानिदेशक अरविंद कुमार ने इस उपलब्धि को संस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया और कहा कि नोएडा तकनीकी क्षेत्र में एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभरा है।

एसटीपीआई की स्थापना 1991 में नोएडा में हुई थी। तीन केंद्रों से शुरुआत करने वाला यह संगठन अब पूरे देश में 67 केंद्रों के साथ कार्यरत है और भारत के आईटी उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



एसटीपीआई ने अब तक 1400 से अधिक स्टार्टअप्स को समर्थन दिया है, जिनमें से 44त्न स्टार्टअप्स का संचालन महिलाएं कर रही हैं। ये स्टार्टअप्स अब तक 574 करोड़ रुपये का निवेश जुटा चुके हैं। यह पहल न सिर्फ डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देती है, बल्कि टियर-2 और टियर-3 शहरों को भी तकनीकी विकास की मुख्यधारा से जोड़ती है।

एसटीपीआई नोएडा निदेशालय उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में आईटी उद्योग और स्टार्टअप्स के विकास में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। हाल के वर्षों में देहरादून, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, प्रयागराज और आगरा में छह उप-केंद्र खोलकर अपने नेटवर्क का विस्तार किया है।

एसटीपीआई के अंतर्गत पूरे देश से पंजीकृत इकाइयों का सॉफ्टवेयर निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 10 लाख करोड़ को पार कर गया है, जो भारत के डिजिटल इकोनॉमी के बढ़ते प्रभाव का प्रमाण है।

# कानपुर स्पोर्ट्स हब की तर्ज पर नोएडा में बनेगा आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-123 में प्रस्तावित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अब कानपुर के स्पोर्ट्स हब की तर्ज पर डिज़ाइन किया जाएगा। इस संबंध में नोएडा प्राधिकरण की टीम ने हाल ही में कानपुर में बने स्पोर्ट्स हब का दौरा किया और उसकी आधुनिक सुविधाओं व किफायती निर्माण प्रक्रिया से प्रेरणा ली।

पूर्व में तैयार की गई डिजाइन की तुलना में कानपुर मॉडल को अपनाने से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण में कम लागत आने का अनुमान है। नई डिजाइन तैयार कर इसे आईआईटी दिल्ली को भेजा जाएगा। इससे न केवल बजट में कटौती होगी, बल्कि खिलाड़ियों को एक ही स्थान पर बहुआयामी खेल सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।



स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए पहले 200 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया था और इसे पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर बनाया जाना था। लेकिन बड़ी कंपनियों द्वारा एक साथ इतना निवेश करने में अनिच्छा जताने के कारण, अब इस प्रोजेक्ट को दो चरणों में पूरा किया जाएगा।

पहले चरण में 70 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और यह फेज 14.92 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा। दूसरा चरण 11.73 एकड़ में होगा। कुल मिलाकर यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स 26.47 एकड़ में फैला होगा।

कानपुर का द स्पोर्ट्स हब कम लागत में तैयार किया गया है और यहां 22 इनडोर खेलों की सुविधा है। यह प्रोजेक्ट नेशनल बिल्डिंग कोड के सभी मानकों के अनुरूप है। इसकी खास विशेषताओं में एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट), सोलर पैनल, एलईडी लाइटिंग, और ग्रीन बिल्डिंग डिज़ाइन शामिल हैं, जो इसे अत्याधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाते हैं।

नोएडा प्राधिकरण इस परियोजना के निर्माण हेतु जल्द ही टेंडर जारी करेगा। वहीं, संचालन के लिए आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) आमंत्रित की जाएगी। संचालन करने वाली एजेंसी को विज्ञापन अधिकार भी दिए जाएंगे, जिससे उसे आर्थिक रूप से मदद मिलेगी और संचालन सुचारु रहेगा।

# सिविल कार्यों की गुणवत्ता पर जोर प्राधिकरण अधिकारी ने लिया जायजा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्यकारी अधिकारी महेंद्र प्रसाद ने कार्य क्षेत्र-5 अंतर्गत सेक्टर-57 और सेक्टर-66 में चल रहे सड़क मरम्मत व निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा करना और समयबद्ध रूप से निष्पादन सुनिश्चित करना था।



निरीक्षण के दौरान श्री प्रसाद ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य अनुमानित लागत के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और विकास कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता को प्राथमिकता दी जाएगी।

नोएडा प्राधिकरण शहरी अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण एवं सतत विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्राधिकरण का उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना और एक स्मार्ट, सुव्यवस्थित एवं स्वच्छ नोएडा का निर्माण करना है।

# यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बसने जा रहा है नया शहर

## 94 गांवों की ज़मीन पर होगा विकास, 14 लाख लोगों को मिलेंगे घर

**आगरा (एजेंसी)।** ताज नगरी जल्द ही भविष्य के स्मार्ट शहर के रूप में अपनी नई पहचान बनाएगी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा न्यू आगरा अर्बन सेंटर के नाम से एक आधुनिक और प्रदूषणमुक्त शहर बसाने की योजना तैयार की गई है।

यह नया शहर यमुना एक्सप्रेसवे के दोनों ओर विकसित किया जाएगा, लेकिन ताजमहल की सुंदरता और पर्यावरण को देखते हुए ताज ट्रैपेजियम ज़ोन में किसी भी प्रकार की औद्योगिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी।



शहर के पहले चरण में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इसके साथ ही यहां 14.6 लाख लोगों के लिए आवासीय सुविधा और 8.5 लाख लोगों के लिए रोजगार सृजन की योजना है। शहर का विकास पहले 36 गांवों में होगा, फिर शेष 58 गांवों की 9500 हेक्टेयर भूमि को शामिल करते हुए विस्तार किया जाएगा।

यह स्मार्ट शहर आवासीय, औद्योगिक, वाणिज्यिक, हरित क्षेत्र और आधुनिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम से लैस होगा। जोनल प्लान की आधार रिपोर्ट में क्षेत्र की जनसंख्या, सड़कों, जल स्रोत, पर्यावरणीय प्रभाव और औद्योगिक संभावनाओं का अध्ययन किया जा चुका है।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि योजना अंतिम चरण में है। जून माह में स्टेकहोल्डर्स के साथ विशेष बैठक कर उनके सुझावों को शामिल कर जोनल प्लान को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## चौकस निगाह

खुली दीवारों के महल को चाहिए, बस एक चौकस निगाह अमल की। पिछले कुछ समय से राज्य की चौकसी को धमकियां मिल रही हैं। जिलाधीश कार्यालयों के बाद अब प्रदेश सचिवालय की मांद में छेद ढूंढने की धमकी मिली है, तो सतर्कता के पैमाने बदलने पड़े। सचिवालय में प्रवेश के फाटक सख्त होंगे। सरकार से मुलाकात की दोपहर, अब सूरज को रोक लेगी, तेरी चांदनी में इतना ग्रहण तो बाकी है। हिमाचल में चौकसी के कई मजबूत दरवाजों की जरूरत है। ढर्रा बदलना पड़ेगा हर मुलाकात पे अब पहरा जरूरी है। अपराध के सींग नहीं होते, फिर भी यह जख्म की बारात ले के चलता है। चौकसी के खुलेपन में हिमाचल की सरहदें बिखरी हैं। कहां तो हम चीन के सामने अपने अंतिम छोर पर खड़े हैं और कहां हमारे वजूद तक पहुंचने लगी हैं देश के खिलाफ हर चुनौती की आहट। हिमाचल एक संवेदनशील राज्य है और अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटी हर गूंज का निशाना यहां से देखा व सुना जा सकता है। पाकिस्तान के आकाश पर देखी गई हर आक्रामक घटना से यहां आंखें लाल होती हैं। सैन्य पृष्ठभूमि की औलाद होने के नाते, राष्ट्रीय भावना तप के फौलाद होती है। आते हैं लाल जंग से तिरंगे में लिपट कर, तू अपने नाज़ के कंधे को नई पहचान दे। हिमाचल में धमकी भरे संदेश, विदेश की धरती से उड़ाए गए गुब्बारों की हवा और जासूसी के जाल में फंस गया देहरा का युवा, बेचैन करता है। अपराध के तंत्र और देश के खिलाफ षड्यंत्र अब हमारे भोलेपन से हमारी ही सुरक्षा छीन ले, तो यह हमारे आत्मबल के खिलाफ है। देश की हिफाजत में हिमाचल का इतिहास अपने भविष्य के सफर पर शिथिल नहीं हो सकता। हमें व्यवस्था की पुरानी आदत में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होंगे और यह धार्मिक स्थलों की परिपाटी, पर्यटन की थाती और समाज की कसौटी में भी अनिवार्यता जोड़ रही है। आदतन हिमाचल का समाज ऐसे तत्वों से मैत्री भाव नहीं रखता, लेकिन बीस साल का एक छोकरा अगर देश से गद्दारी करने का दुस्साहस कर सकता है, तो सोशल मीडिया में बैठा शत्रु भाव किसी को भी उद्वेलित कर सकता है। चुनौती उस अभाव से है, जो युवा पीढ़ी को कई तरह से डस रहा है। यह अभाव बिगड़ती संगत के दुराग्रह में चिट्टे के रूप में पनप रहा है। यह कुछ ग्राम का खेल नहीं, एक पूरी पीढ़ी को समाज और देश के खिलाफ खड़े करने का कुचक्र है। चिट्टा लंबी दूरियों और नाकों को लांघ कर अगर हमारे घर की दीवार में छेद कर सकता है, तो इस आदत से पैदा हो रहे मानवता के अभाव कितने वीभत्स कृत्य कर सकते हैं, कौन जानता। हम पर्यटन की राहों को महज पर्यटन न समझें। धार्मिक स्थल पर आए मेहमानों को पाक न समझें। चौकसी का शिखर सचिवालय के चंद घंटे या विजिटर की पहचान तक ही काफी नहीं। हिमाचल के हर विजिट और विजिटर पर निगाह होनी चाहिए। बहुत जरूरी है नाइट की पेट्रोलिंग और यह काम पुलिस नेतृत्व में चौकसी के आदर्शों से ही पूरा होगा। विडंबना यह है कि एक मौत प्रकरण की जांच ने शिमला के आला पुलिस अधिकारियों के आपसी टकराव से विश्वास के माहौल को चोट पहुंचाई है। अगर एक एसपी स्तर के अधिकारी को अदालत में अपनी पैरवी से, अपनी इज्जत मापने का जरिया ही पसंद करना पड़े, तो व्यवस्था के नैन-नक्श किस दर्पण में देखे जाएं। फिर भी लदरौर पुलिस चौकी के प्रभारी एएसआई संजीव को बाहरी राज्यों के पर्यटकों को हिमाचल का शिष्टाचार, संवेदनाएं, सरोकार और सादगी समझाते देखा जाए, तो यकीन होता है कि चौकसी का कोई चौराहा नहीं होता, यह तो तहजीब है जिंदा लोगों की।

# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नये चेहरे

सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाये, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिये एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नये संकेत दे रही है। क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नये किरदार में नजर आये हैं। थरुर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई।

विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं। लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं। क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था- मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा।' थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा- जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के



विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं।

समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं।

4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं ये सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और 'जी हुजूर' करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी। आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो 卐दुष्प्रचार卐 ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो 卐कीचड़ स्नान卐 कर रहा है। जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं।

बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गये अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी- जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि 卐हमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैं।' उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं। डीएमके सांसद का ये अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि श्रीकृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।

**– ललित गर्ग (लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)**
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि राजा को तीन दिन युग के समान बीते। उसकी बुद्धि कपटी मुनि के चरणों में लगी रही। निश्चित समय जानकर पुरोहित (बना हुआ राक्षस) आया और राजा के साथ की हुई गुप्त सलाह के अनुसार (उसने अपने) सब विचार उसे समझाकर कह दिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-नृप हरषेउ पहिचानि गुरु भ्रम बस रहा न चेत।**
**बरे तुरत सत सहस बर बिप्र कुटुंब समेत॥**

(संकेत के अनुसार) गुरु को (उस रूप में) पहचानकर राजा प्रसन्न हुआ। भ्रमवश उसे चेत न रहा (कि यह तापस मुनि है या कालकेतु राक्षस)। उसने तुरंत एक लाख उत्तम ब्राह्मणों को कुटुम्ब सहित निमंत्रण दे दिया॥

**उपरोहित जेवनार बनाई। छरस चारि बिधि जसि श्रुति गाई॥**
**मायामय तेहिं कीन्हि रसोई। बिंजन बहु गनि सकइ न कोई॥**

पुरोहित ने छह रस और चार प्रकार के भोजन, जैसा कि वेदों में वर्णन है, बनाए। उसने मायामयी रसोई तैयार की और इतने व्यंजन बनाए, जिन्हें कोई गिन नहीं सकता॥

**बिबिध मृगन्ह कर आमिष राँधा। तेहि महुँ बिप्र माँसु खल साँधा॥**
**भोजन कहुँ सब बिप्र बोलाए। पद पखारि सादर बैठाए॥**

अनेक प्रकार के पशुओं का मांस पकाया और उसमें उस दुष्ट ने ब्राह्मणों का मांस मिला दिया। सब ब्राह्मणों को भोजन के लिए बुलाया और चरण धोकर आदर सहित बैठाया॥

(क्रमश:...)

# RBI ने तो राहत दे दी, लेकिन क्या बैंक इसे लोगों तक पहुंचाएंगे?

घरों की घटती बिक्री और अर्थव्यवस्था पर लगातार पड़ रहे दबाव के बीच भारतीय रिज़र्व बैंक ने बड़ा कदम उठाते हुए रेपो रेट में बंपर कटौती कर दी है। आर्थिक मामलों के जानकार, यह उम्मीद लगा रहे थे कि आरबीआई शुक्रवार को रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है लेकिन आरबीआई ने उम्मीद से ज्यादा राहत देते हुए इसमें आधा फीसदी की कटौती कर दी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस बड़े फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि बहुमत से यह फैसला किया गया है। रेपो रेट में 50 बेसिस पॉइंट की कटौती के बाद अब यह 5.50 फीसदी हो जाएगा। इसके साथ ही आरबीआई ने कैश रिज़र्व रेश्यो में एक प्रतिशत की कमी का भी ऐलान किया। इससे बैंकों के पास पैसा और बढ़ेगा, जिसका इस्तेमाल वे कर्ज बांटने में कर सकेंगे।



स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नेशनल बैंक सहित सभी सरकारी एवं प्राइवेट बैंकों को होम लोन उपभोक्ताओं को बार-बार ब्रांच दौड़ाने और कागजी कार्यवाही में फंसाने की बजाय तुरंत ऑनलाइन ही राहत दे देनी चाहिए।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने लगातार तीसरी बार दरों में कटौती की है। आरबीआई ने फरवरी, अप्रैल और जून में यानी कुल मिलाकर रेपो रेट में तीन बार कटौती कर, इसमें 100 बेसिस पॉइंट्स घटा दिए हैं। रेपो रेट और कैश रिज़र्व रेश्यो में कटौती के आरबीआई के दोनों फैसलों को अगर साधारण भाषा में बताया जाए तो, इसका एकमात्र बड़ा उद्देश्य लोगों की जेबों तक ज्यादा से ज्यादा पैसा पहुंचाना है ताकि उनके पास खर्च करने के लिए अतिरिक्त पैसा बचे। अगर लोगों के पास पैसे बचेंगे तो वे खर्च करेंगे, जिससे बाजार में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था की विकास दर भी बढ़ेगी। लेकिन यह तभी संभव हो पाएगा जब बैंक पूरी ईमानदारी के साथ आरबीआई द्वारा की गई कटौतियों का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा पाएंगे।

आरबीआई द्वारा रेपो रेट में की गई कटौती के बाद होम लोन लेने वाले लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है। मोटे तौर पर अगर अनुमान लगाया जाए तो 20 लाख के लोन की ईएमआई में 600-715 रुपए तक की कटौती हो सकती है यानी एक साल में 8,400 और 20 वर्षों में कुल मिलाकर एक लाख 68 हजार रुपए के लगभग की बचत हो सकती है। वहीं 50 लाख तक के होम लोन की ईएमआई पर 1650-1755 रुपए तक की राहत मिल सकती है। अगर किसी ने 20 वर्षों के लिए इतनी राशि का होम लोन ले रखा होगा तो उसे 4 लाख रुपए से भी ज्यादा की बचत होगी।

जाहिर तौर पर होम लोन उपभोक्ताओं को इससे बड़ी राहत मिलेगी, बशर्ते बैंक कागजी कार्यवाही में किंतु-परंतु करने की बजाय सीधे उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाए। आरबीआई के डेटा के मुताबिक, लगभग 40 फीसदी होम लोन श्वक्क्र अर्थात एक्सटर्नल बेंचमार्क लैंडिंग रेट से जुड़े हैं और उन्हें इस कटौती का तत्काल लाभ मिल जाना चाहिए। बैंकों को ऐसे उपभोक्ताओं को तुरंत राहत दे देनी चाहिए। इसके साथ ही बैंकों को होम लोन लेने वाले उन उपभोक्ताओं को भी राहत पहुंचाने के लिए काम करना चाहिए जो EBLR से नहीं जुड़े हुए हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नेशनल बैंक सहित सभी सरकारी एवं प्राइवेट बैंकों को होम लोन उपभोक्ताओं को बार-बार ब्रांच दौड़ाने और कागजी कार्यवाही में फंसाने की बजाय तुरंत ऑनलाइन ही राहत दे देनी चाहिए। बैंकों खासकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की कार्यशैली को देखते हुए, यह अपने आप में किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने दावा किया है कि CRR अर्थात कैश रिज़र्व रेश्यो में एक फीसदी की कमी करने की वजह से बैंकिंग सिस्टम में 2.5 लाख करोड़ की अतिरिक्त राशि का इंतजाम हो जाएगा। यह माना जा रहा है कि बैंक अगर इस अतिरिक्त राशि का इस्तेमाल कर्ज बांटने में सही तरीके से करेंगे तो देश की अर्थव्यवस्था में और ज्यादा तेजी आएगी।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इन कटौतियों की घोषणा करते हुए यह भी साफ किया कि ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए आरबीआई ने अपना काम कर दिया है और दूसरों को क्या करना चाहिए,यह सुझाव देना उनके लिए सही नहीं है। लेकिन यह भी समय की मांग है कि भारतीय रिज़र्व बैंक को देश के बैंकों पर निगरानी की व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने के साथ यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके फैसलों को लाभ हर हाल में अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचे। देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए यह बहुत जरूरी है।

**– संतोष कुमार पाठक**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# राशिफल

ज्येष्ठ माह शुक्ल पक्ष द्वादशी | (विक्रम संवत् 2082)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आमदनी में वृद्धि होगी। कुटुंबों में वृद्धि होगी। शब्द-साधक की तरह व्यवहार करेंगे।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
सुकुमारता के प्रतीक बने रहेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। शुभता के प्रतीक बने रहेंगे।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
खर्च की अधिकता रहेगी, हालांकि शुभ कार्यों में खर्च होगा। प्रेम-संतान की स्थिति मध्यम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शुभ समय। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। राजनीतिक लाभ होगा। व्यापारिक संतुलन बनेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की होगी। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम-संतान अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी व व्यापार अच्छा रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। प्रेम की स्थिति बहुत अच्छी है। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी शुभ संकेत।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बन रहे हैं। घर में कुछ उत्सव हो सकता है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान का साथ होगा।

# शिवलिंग पर बिल्वपत्र चढ़ाने से मनोरथ सिद्ध होते हैं : स्वामी पंचमानंद





**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-93 स्थित सुपर एमआईजी सनातन धर्म मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने शिव-पार्वती विवाह का रोचक एवं भावपूर्ण वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि जब हिमालयराज की पुत्री पार्वती बड़ी होने लगीं तो उन्होंने मन में संकल्प लिया कि वे भगवान शिव को ही अपने पति के रूप में वरण करेंगी। देवताओं ने भी भगवान शिव को विवाह के लिए मनाने का प्रयास किया, किंतु शिव जी इसके लिए तैयार नहीं हुए।

माता पार्वती ने शिव को प्राप्त करने हेतु कठोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव विवाह के लिए सहमत हुए। फिर भगवान शिव भूत, पिशाचों तथा अन्य गणों के साथ, शरीर पर भस्म लगाए हुए, बारात लेकर हिमालयराज के द्वार पर पहुँचे।

माता मैना ने जब शिव जी का भेष देखा तो भयभीत हो गईं और पार्वती जी का विवाह करने से इंकार कर दिया। परंतु सभी ने समझाया कि शिव कोई साधारण देव नहीं हैं, वे देवों के देव 'महादेव' हैं। अंततः माता पार्वती और भगवान शिव का विवाह सम्पन्न हुआ और देवताओं ने पुष्प वर्षा कर इस दिव्य युगल का स्वागत किया।

स्वामी पंचमानंद जी ने बताया कि भगवान शिव पर बिल्वपत्र अर्पित करने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएँ पूर्ण करते हैं। श्रीराम कथा प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित की जा रही है। आगामी 8 जून को नारद मोह प्रसंग तथा भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से वीरेन्द्र द्विवेदी, शैलेश द्विवेदी, राजवीर सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, रमेश चंद्र शर्मा, राघवेन्द्र दूबे, देवमणि शुक्ल, सुनील निगम, रवि राघव, गोरे लाल, संजय पांडेय, हरि सिंह, रमेश दास, प्रमोद भारद्वाज, सी.एल. तिवारी, मुक्तेश भारद्वाज, हंसमणि शुक्ल, विश्वनाथ त्रिपाठी, गौरव, सर्वेश कुमार तिवारी, शिव कुमार पाठक, उमाकांत त्रिपाठी, रमेश वर्मा, दिनेश पाठक, एल.एस. तिवारी, श्रीमती सुभाष सिंह, भंडारी, अरुण झा, श्रीमती सुमन द्विवेदी और शशि बाला सहित अनेक सेक्टरवासी भक्तों की उपस्थिति रही।

# इफको में बच्चों ने कोरे कागज पर उकेरे रंग




**प्रयागराज (फूलपुर)।** भारतीय कृषक सहकारी लिमिटेड (इफको) फूलपुर इकाई ने पर्यावरण सप्ताह 2025 के अवसर पर नर्सरी से कक्षा 5 के उपर के छात्र-छात्राओं के लिए एक रंगारंग चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रकृति के प्रति उनका लगाव बढ़ाना था।

प्रतियोगिता में घियानगर से बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने पेड़ लगाओ, पृथ्वी बचाओ, स्वच्छ पर्यावरण, हरी-भरी धरती, जल ही जीवन है जैसे विषयों पर सुंदर और रंग-बिरंगे चित्र बनाए। इन नन्हे कलाकारों की रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति उनके उत्साह ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर इफको फूलपुर के कार्यकारी निदेशक (तकनीकी) संजय वैश ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के बीज हमें बचपन में ही बोने चाहिए। आज के बच्चों की कल्पनाओं में एक स्वच्छ, हरित और सुंदर भविष्य की तस्वीर दिखाई देती है। इफको हमेशा ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करता रहेगा।

इस अवसर पर उमेश कुमार वरिष्ठ प्रबंधक (पर्यावरण), मनोज कुमार प्रबंधक (पर्यावरण),विवेक यादव, सुरेश कुमार यादव, चित्रकला शिक्षक प्रीति गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चाइल्ड पीजीआई में मरीजों को जल्द मिलेगी राहत!



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-30 चाइल्ड पीजीआई में इलाज के लिए आने वाले बच्चों और उनके परिजनों को अब जल्द ही बड़ी सुविधा मिलने वाली है। मरीजों को अब अपनी जांच रिपोर्ट मोबाइल फोन पर ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उन्हें बार-बार अस्पताल आने की आवश्यकता नहीं होगी।

अस्पताल प्रबंधन ने इस सुविधा को सितंबर से शुरू करने की योजना बनाई है और इसके लिए मोबाइल व इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों से संपर्क किया गया है। इसका उद्देश्य रिपोर्ट वितरण की प्रक्रिया को डिजिटल बनाकर मरीजों की सुविधा बढ़ाना और अस्पताल पर कागजी कार्यभार को कम करना है।

ऑनलाइन रिपोर्टिंग सिस्टम लागू करने से पहले, अस्पताल की सभी प्रमुख जांच प्रयोगशालाओं को पुरानी बिल्डिंग में स्थानांतरित किया जाएगा। यहां 12 करोड़ रुपये की लागत से पुराने और खराब उपकरणों की मरम्मत तथा जरूरी संसाधनों के उन्नयन का कार्य किया जा रहा है।

चाइल्ड पीजीआई की मौजूदा बिल्डिंग में इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, माइक्रोबायोलॉजी, जीनोम सीक्वेंसिंग और पैथोलॉजी जैसे प्रमुख विभाग संचालित हो रहे हैं। यहां प्रशासनिक कार्यालय भी मौजूद है। हालांकि, इन प्रयोगशालाओं में पानी की लीकेज और असंगठित आवाजाही के चलते संक्रमण फैलने की आशंका रहती है।

इस समस्या से निपटने के लिए प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि नई व्यवस्था के तहत प्रयोगशालाओं तक मरीजों या उनके तीमारदारों की पहुँच पूरी तरह रोकी जाएगी, जिससे संक्रमण की संभावना को खत्म किया जा सके।

पीजीआई में रोजाना विभिन्न लैब में करीब 600 से 700 मरीजों की जांच होती है। रिपोर्ट छपाई में भारी मात्रा में प्रिंटर, कागज और बिजली की खपत होती है, जिससे अस्पताल पर आर्थिक दबाव भी बढ़ता है। इसके अलावा, रिपोर्ट्स में छोटी-छोटी तकनीकी गड़बड़ियों से मरीजों को असुविधा होती है।

निदेशक प्रो. डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल का पूरा प्रबंधन इस योजना को सफल बनाने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि, नई बिल्डिंग में शिफ्टिंग के बाद, संक्रमण मुक्त माहौल में जांचें होंगी और फिर मरीजों को सीधे मोबाइल पर रिपोर्ट उपलब्ध कराना शुरू किया जाएगा।

# 'फेलिक्स हॉस्पिटल की छवि को धूमिल करने का प्रयास'

## अस्पताल के सीएमडी ने की पुलिस में शिकायत

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-137 स्थित फेलिक्स हॉस्पिटल के खिलाफ एक सुनियोजित साजिश के तहत उसकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। मीडिया में लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार एवं असत्य हैं। इस संबंध में फेलिक्स हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ. डी.के. गुप्ता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

डॉ. गुप्ता का कहना है कि सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से फैलाई जा रही यह खबर पूरी तरह भ्रामक और झूठी है। उन्होंने बताया कि जिस मरीज श्रीमती बबीता का उल्लेख किया जा रहा है, उनके परिजन अस्पताल में आकर समान नाम वाले किसी अन्य मरीज की रिपोर्ट डिस्पैच काउंटर से स्वयं ही ले गए थे।

जब अस्पताल के कर्मचारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, तो उन्होंने कर्मचारियों से दुर्व्यवहार किया,



अपशब्द कहे और ब्लैकमेल करने की कोशिश की। जब कर्मचारियों ने इसका विरोध किया और औपचारिक शिकायत दर्ज कराई, तो मरीज एवं उनके परिजनों ने अस्पताल की गरिमा को ठेस पहुँचाने का प्रयास किया।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि फेलिक्स हॉस्पिटल प्रारंभ से ही आमजन की सेवा और कल्याण के लिए समर्पित रहा है। अस्पताल द्वारा नियमित रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिनके माध्यम से हजारों लोगों को लाभ पहुंचाया गया है। दुर्भाग्यवश, अब कुछ लोग इसी जनसेवा की भावना का अनुचित लाभ उठाकर अस्पताल की छवि को नुकसान पहुँचाने की साजिश रच रहे हैं।

नोएडा के कई समाजसेवियों और राजनीतिक संगठनों ने भी फेलिक्स हॉस्पिटल के पक्ष में आवाज उठाई है। उनका कहना है कि फेलिक्स क्षेत्र का एकमात्र ऐसा अस्पताल है जहाँ गरीबों का निःशुल्क इलाज भी किया जाता है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण मौजूद हैं, जहाँ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को संपूर्ण उपचार प्रदान किया गया है।

# पुलिस पर हमला करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** कोरोना काल में शराब तस्करी के दौरान पुलिस पर हमला करने वाला कुख्यात तस्कर राहुल वाजपेयी एक बार फिर गांजा तस्करी के मामले में पुलिस के हत्थे चढ़ गया। शनिवार को सेक्टर-49 थाना पुलिस ने उसे बरौला के गंदे नाले के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से 1,150 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है।

पुलिस के अनुसार, राहुल पिछले पांच वर्षों से शराब और गांजा की तस्करी कर रहा है और इस दौरान वह तीन बार जेल भी जा चुका है। खास बात यह है कि वह उस थाना क्षेत्र का सक्रिय तस्कर है, जो हाल ही में आईएसओ प्रमाणित हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बताया कि आरोपी की पहचान राहुल वाजपेयी पुत्र अनिल वाजपेयी, निवासी गांव अतर्रा, जिला बांदा के रूप में हुई है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: CEN00AGC0925 दिनांकः 05.06.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियरिंग (निर्माण) आगरा, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु **Singal - पैकेट** open tender पर ऑन लाइन **(E-Tendering)** के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाएँ दिनाँक 27.06.2025 को 15:00 बजे तक website **http://www.ireps.gov.in** पर ऑन लाइन जमा की जा सकती हैं। निविदा के विवरण निम्नानुसार हैं:-

| निविदा संख्या | अनुमानित लागत |
|---|---|
| E-Tender Notice No. CEN00AGC0925 | रु. 49.03 लाख (लगभग) |

**कार्य का नामः** मथुरा-धौलपुर चौथी लाइन (107 किलोमीटर) का अंतिम स्थान सर्वेक्षण का शेष कार्य।

**धरोहर राशि (रुपए):** 98,100/- **वैधता अवधिः** 60 दिन

**कार्य पूर्ण होने की अवधिः** 05 माह हार्वेस्ट एवं मानसून अवधि सहित

**निविदा खोलने का दिनाँकः** 27.06.2025, पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की website **http://www.ireps.gov.in** को देखें। **986/25 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


# एक समान नीति में फिर संशोधन की तैयारी

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण में इस साल फरवरी महीने में लागू हुई एक समान नीति (यूनिफाइड पॉलिसी) में एक बार फिर संसोधन की तैयारी है। इस बार संशोधन छोटे व्यावसायिक भूखंड और दुकानों के लिए लगाए गए वित्तीय और तकनीकी मानक को लेकर है। अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकरण में मांग आई है कि दुकान और छोटे भूखंड के लिए यह मानक न लगाए जाएं। अधिकारियों ने बताया कि इससे संबंधित प्रस्ताव नोएडा प्राधिकरण 11 जून को प्रस्तावित बोर्ड बैठक में रखने की तैयारी है।

इसके पहले शेयर होल्डिंग में बदलाव और समय वृद्धि के मानकों से जुड़े यूनिफाइड पॉलिसी में बदलाव को बोर्ड से मंजूरी ली जा चुकी है। यूनिफाइड पॉलिसी तीनों प्राधिकरण में कामकाज को एकरुपता देने के लिए लाई गई है।






# पति की हत्या में पत्नी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** जारचा थाना क्षेत्र के मुठियानी गांव में एक साल पहले हुई शमशाद की संदिग्ध मौत की गुत्थी सुलझ गई है। पुलिस ने उसकी पत्नी इमराना को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले साला इनाम को भी इस मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में सामने आया कि शराब पीने के दौरान इनाम ने शमशाद को ज़हर पिलाया, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोप है कि शमशाद पत्नी के साथ मारपीट करता था, जिससे नाराज़ होकर दोनों ने मिलकर हत्या की साजिश रची। घटना के वक्त कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई थी, लेकिन आठ महीने बाद मलेशिया से लौटे शमशाद के बेटे ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। पोस्टमार्टम में ज़हर से मौत की पुष्टि हुई, जिसके बाद पुलिस ने पहले इनाम और अब पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है।




**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com


# आरडब्लूए-51 के सदस्यों का शपथ ग्रहण



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-51 नोएडा आरडब्लूए का शपथ ग्रहण समारोह सेक्टर 51 में मनाया गया। इस दौरान सेक्टर के सफाईकर्मी, pvvnl विद्युत विभाग की टीम और सुरक्षा कर्मियों और नोएडा प्राधिकरण के हेल्थ विभाग, सीवर विभाग व अन्य टीमों के लोग मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह में नवगठित आरडब्ल्यूए के सदस्यों ने सेक्टर-51 में विकास कार्यों को तेज कराने तथा प्राधिकरण विद्युत विभाग व सफाईकर्मियों का सहयोग करने का प्रण लिया।

इस मौके पर आरडब्लूए मैनेजिंग कमेटी के अलावा डीडी आरडब्ल्यू अध्यक्ष एनपी सिंह, नोएडा प्राधिकरण जल और सीवर विभाग से वीरेंद्र और महेश, चुनाव अधिकारी अतुल मित्तल, सिक्योरिटी एजेंसी से हरीश पाठक, हेल्थ विभाग से सुपरवाइजर दिनेश चंद्र व अश्वनी इत्यादि मौजूद रहे।

# आतंकवाद के खिलाफ जंग में भारत को जर्मनी का खुला समर्थन

## 'पहलगाम आतंकी हमले से स्तब्ध'



एजेंसी

**बर्लिन**

पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तान की पोल खोलने और ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने जर्मनी पहुंचे भारतीय सांसदों के डेलीगेशन ने पाक के आतंकी करतूतों की पोल खोल दी है। जर्मनी ने भारत को आश्वासन दिया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उसके साथ मजबूती से खड़ा है। जर्मनी के संघीय विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल ने यह बात भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान कही।

**जर्मनी गए भारतीय डेलीगेशन को जर्मनी ने दिया आश्वासन**

जर्मनी ने भारतीय डेलीगेशन को आतंक के खिलाफ जंग में खुलकर भारत का साथ देने का ऐलान किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान द्वारा परमाणु दबाव बनाने की रणनीति के प्रति भारत की अस्वीकार्यता और पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की कड़ी प्रतिक्रिया को रेखांकित किया।

### भारतीय दूतावास ने लिखी पोस्ट

भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा, "विदेश मंत्री वाडेफुल ने हाल ही में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से अपनी बैठक को आगे बढ़ाते हुए पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ भारत को जर्मनी का मजबूत समर्थन और एकजुटता दोहराई।" दोनों पक्षों ने भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। रविशंकर प्रसाद ने कहा, "हमने आतंकवाद से लोकतंत्र, मानवता और मानवाधिकारों को होने वाले गंभीर खतरे को उजागर किया और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर गहरी चिंता व्यक्त की।"

# साल के अंत तक 30 वंदे भारत ट्रेनों को चलाने का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** भारतीय रेल में ट्रेनों के सफर का अनुभव बदलने जा रहा है। रेल यात्री जल्द ही विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन (स्लीपर) में सफर का आनंद उठा सकेंगे। चालू वित्तीय वर्ष में सरकार ने 30 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को चलाने का लक्ष्य रखा है। पहली ट्रेन जुलाई के अंत तक पटरियों पर दौड़ने लगेगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का स्पीड ट्रॉयल पूरा हो चुका है। अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) लखनऊ ने ट्रेन की तकनीक व स्पीड संबंधी जांच पूरी कर ली है। रेलवे बोर्ड पहले वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का रेलमार्ग व किराया तय कर रहा है। इसके बाद अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। अधिकारी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 30 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को चलाया जाएगा। इसमें सरकार के सार्वजनिक उपक्रम (पीएसयू) भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) बंगलुरु में 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन बनकर तैयार है। पहली ट्रेन को हरी झंडी मिलने के बाद अन्य ट्रेनों को चरणबद्ध तरीके से पटरी पर उतारा जाएगा।

# 500 करोड़ का खर्च, तीन एंट्री गेट, 5 एकड़ में नया गलियारा...

## बांके बिहारी कॉरिडोर पर हंगामा

एजेंसी

**नई दिल्ली**



यूपी में कई जगह धार्मिक जगहों का कायाकल्प हो गया। कहीं कॉरिडोर बना तो कहीं नए, भव्य और विशाल भवन। लेकिन मथुरा में विकास के बीच में बाधा क्यों आ रही है और आखिर क्यों गोस्वामी समाज बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर का विरोध कर रहा है? इसका जवाब है वो चार वजह जिन्हें गोस्वामी समाज गिना रहा है। उसका मानना है कि कॉरिडोर के बनने से कुंज की गलियां बर्बाद हो जाएंगी, वृंदावन की संस्कृति खत्म हो जाएगी, दुकानों के हटने से इनकम पर असर पड़ेगा और निमार्ण काम के दौरान टेंडर में मनमानी होगी।

दरअसल, योगी सरकार अपने ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत कॉरिडोर बनाने जा रही है। जो 5 एकड़ में बनेगा। जिसके निर्माण में करीब 3 साल का समय लगेगा। जिसके तहत मंदिर के रास्ते को चौड़ा किया जाएगा। मंदिर में एंट्री के लिए 3 गेट बनेंगे। करीब 30 हजार वर्गमीटर में पार्किंग बनेगी। तीन हिस्से में बनने वाले कॉरिडोर में पहला हिस्सा मंदिर क्षेत्र और परिक्रमा का होगा। दूसरा हिस्सा 10 हजार 600 वर्ग मीटर में होगा। जो ऊपरी हिस्सा होगा। तीसरा हिस्सा 11 हजार 300 वर्गमीटर का होगा, जो निचला हिस्सा होगा। इसी ड्रीम प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए यूपी सरकार के अधिकारी लगातार कैंप किए हैं। सीएम के दूत बनकर मुख्य सलाहकर अवनीश अवस्थी वृंदावन पहुंचे और नाराज लोगों से मुलाकात की। हालांकि कॉरिडोर का विरोध करने वालों को सुप्रीम कोर्ट से झटका भी लग चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने कॉरिडोर को बनाने के लिए मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने 5 एकड़ जमीन के अधिग्रहण की इजाजत दे दी है।

# सहारनपुर ट्रेड फेयर में लगी आग, 30 दुकानें जलकर खाक



एजेंसी

**सहारनपुर**

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में लगे ट्रेड फेयर में शनिवार की सुबह आग लग गई. आग इतनी भयावह थी कि ट्रेड फेयर में लगी सभी दुकानें जलकर खाक हो गईं. एक भी दुकान नहीं बची. आग से करोड़ों का नुकसान बताया जा रहा है। आनन फानन में पहुंची दमकल की कई गाड़ियों ने मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। अग्निकांड में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है।

कोतवाली सदर बाजार क्षेत्र में दिल्ली रोड स्थित साउथ सिटी मैदान में एक महीने से ट्रेड फेयर चल रहा है। यहां हर रोज हजारों की संख्या में परिवार झूले झूलने और मेला घूमने के लिए आ रहे थे. मेला रात में चलता है और दिन में बंद रहता है। शनिवार की सुबह अचानक मेले में उस वक्त आग लग गई जब सभी दुकानदार सो रहे थे। धुआं देख दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई। जब तक दुकानदार कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते धुआं लपटों में बदल गया। आग की लपटों ने मेले में लगी सभी दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। शनिवार को बकरीद पर यहां बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने के उम्मीद थी। लेकिन, इससे पहले ही मेला परिसर में आग लग गई। सुबह करीब सात बजे लगी आग ने कुछ ही देर में करीब 30 दुकानों को जलाकर राख कर दिया। गनीमत ये रही कि हादसे के वक्त मेला बंद था। आनन फानन में मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया. दमकल अधिकारी आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रथमदृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रह है। आग से करोड़ों रुपए के नुकसान का अनुमान है। दुकान और पंडाल प्लास्टिक व कपड़े से बने थे जिसके चलते आग तेजी से पूरे मेले में फैल गई। जानकारी के मुताबिक ज्यादातर दुकानदार बकरीद की नमाज पढ़ने गए हुए थे, जिसके चलते आग से जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि आग में 30 से ज्यादा दुकानें जल कर राख हो गईं।

# सरकार ने जारी किया कोविड से हुई मौतों का आंकड़ा

## 2021 में देश में हुईं थी एक करोड़ से अधिक लोगों की मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली**

भारत में कोविड प्रभावित 2021 के मुकाबले 2022 में कोविड संक्रमण से लगभग 86.5 लाख मौतें दर्ज की गईं। यह मौतें 2021 में हुई 1.02 करोड़ मौतों से 15 फीसदी से भी अधिक कम हैं। यह खुलासा भारत के रजिस्ट्रार जनरल की जारी नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) की नई रिपोर्ट में किया गया है।




सीआरएस की रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 15.74 लाख मौतों की गिरावट से मृत्यु दर 2020 जैसे महामारी से पहले के स्तर पर लौट आई हैं।सीआरएस के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में देश भर में 1.02 करोड़ लोगों की मौतों के साथ मृतक संख्या में तेज उछाल दर्ज किया गया था, जबकि यह आंकड़ा 2020 में 81.1 लाख, 2019 में 76.4 लाख और 2018 में 69.5 लाख था।

रिपोर्ट के मुताबिक, पंजीकृत मौतों की संख्या 2021 में 102.2 लाख से घटकर 2022 में 86.5 लाख हो गई, यानी इसमें 15.4 फीसदी की गिरावट आई। इस गिरावट में गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, बिहार और हरियाणा जैसे राज्यों का बड़ा योगदान रहा। लोकसभा में 29 जुलाई 2022 को दी गई जानकारी के अनुसार, 26 जुलाई 2022 तक भारत में कोविड-19 से लगभग 5.26 लाख मौतें दर्ज की गईं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत में 47 लाख से ज्यादा कोविड से जुड़ी मौतों का अनुमान लगाया था। इस पर सख्त एतराज जताते हुए भारत सरकार ने इसे गलत करार दिया था। सरकार ने कहा कि डब्ल्यूएचओ की गणना में कई गलतियां और गलत मान्यताएं थीं, जबकि भारत ने रजिस्ट्रार जनरल का प्रकाशित सटीक सीआरएस डाटा डब्ल्यूएचओ को पहले ही मुहैया करा दिया गया था।

# NIA ने गोल्डी बराड़ समेत पांच के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

एजेंसी

**चंडीगढ़**



राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने हरियाणा के गुरुग्राम में दो क्लबों पर बम हमलों से संबंधित 2024 के मामले में नामित व्यक्तिगत आतंकवादी गोल्डी बराड़ सहित पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। न्यूज एजेंसी ANI ने बताया कि जांच एजेंसी ने एक आधिकारिक बयान में इस बात की जानकारी दी है।

NIA ने कनाडा निवासी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बरार, सचिन तालियान, अं कित, भाविश और अमेरिका नि वासी रणदीप सिंह उर्फ रणदीप मलिक प र भारतीय न्याय संहिता (बीएन ए स), आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और यूए(पी) एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए हैं। गोल्डी बराड़ और रणदीप मलिक को छोड़कर बाकी सभी को इस मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच एजेंसी ने आरोपियों को गुरुग्राम के सेक्टर-29 में वेयरहाउस क्लब और ह्यूमन क्लब को बम से निशाना बनाने की साजिश में शामिल पाया था, जो कि बब्बर खालिस्तानी इंटरनेशनल (बीकेआई) की बड़ी साजिश का हिस्सा था।

## सत्यपाल मलिक ने लिखा भावुक पोस्ट

# हालत गंभीर है, रहूं ना रहूं सच बताना चाहता हूं

एजेंसी

**जम्मू-कश्मीर**

जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक इन दिनों गंभीर बीमारी के चलते अस्पताल में हैं। उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक भावुक पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार किसी तरह उन्हें फंसाने की कोशिश में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि मैं रहूं ना रहूं लेकिन एक सच बताना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि अगर मेरे भी पास आज धन-दौलत होती तो किसी प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवा लेता। सत्यपाल मलिक ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं पिछले लगभग एक महीने के करीब से हस्पताल में भर्ती हूं और किड़नी



की समस्या से जूझ रहा हूं। परसों सुबह से मैं ठीक था लेकिन आज फिर से मुझे ICU में शिफ्ट करना पड़ा। मेरी हालत बहुत गंभीर होती जा रही है। मैं रहूं या ना रहूं इसलिए अपने देशवासियों को सच्चाई बताना चाहता हूं। उन्होंने आगे लिखा, जब गवर्नर के पद पर था तो उस समय मुझे 150-150 करोड़ रूपए की रिश्वत की पेशकश भी हुई परंतु मैं ईमानदारी से काम करता रहा और मेरा ईमान वो कभी डिगा नहीं सकें। जब मैं गवर्नर था उस समय किसान आंदोलन भी चल रहा था, मैंने बग़ैर राजनीतिक लोभ लालच के पद पर रहते हुए किसानों की मांग को उठाया। पुलवामा हमले को लेकर पूर्व राज्यपाल ने कहा, पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों के मामले को उठाया, जिसकी आज तक इस सरकार ने कोई जांच नहीं करवाई है। सरकार मुझे CBI का डर दिखाकर झूठे चार्जशीट में फंसाने के बहाने ढूंढ रही है। जिस मामले में मुझे फंसाना चाहते हैं उस टेंडर को मैंने खुद निरस्त किया था, मैंने खुद प्रधानमंत्री जी को बताया था इस मामले में करप्शन है और उन्हें बताने के बाद में मैंने खुद उस टेंडर को कैंसिल किया।

# असदुद्दीन ओवैसी का डीपफेक वीडियो वायरल

## हर दिन 53 हजार रुपये के लाभ का वादा, FIR दर्ज

एजेंसी

**हैदराबाद**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी का डीपफेक वीडियो वायरल हुआ है। हैदराबाद पुलिस ने ऑनलाइन निवेश योजना का प्रचार करने वाले इस फर्जी क्लिप को लेकर केस दर्ज किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि एआई से तैयार किए गए इस फर्जी वीडियो में ओवैसी की तस्वीर लगी है। उसके नाम के साथ-साथ अन्य प्रसिद्ध हस्तियों का दुरुपयोग कर लोगों को गुमराह किया गया है, ताकि लोगों को यह विश्वास दिलाया जा सके कि वह एक निवेश घोटाले को बढ़ावा दे रहे हैं। फर्जी वीडियो में प्रतिदिन 53,000 रुपये



लाभ का वादा किया गया है। हैदराबाद के सांसद ने पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा, 'वीडियो लोगों को एक घोटाले वाली वेबसाइट में निवेश करने का निर्देश देता है। इससे निर्दोष व्यक्तियों के पैसे खोने का खतरा उत्पन्न होता है।'

# पाकिस्तान में गैस सिलेंडर फटने से छह लोगों की मौत

एजेंसी

**पख्तूनख्वा**

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को गैस सिलेंडर फटने से छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। आपातकालीन बचाव सेवा के प्रवक्ता बिलाल अहमद फैजी ने बताया कि घटना मर्दन जिले की अराम कॉलोनी में हुई। इस घटना में दो मंजिला मकान ढह गया। उन्होंने बताया कि धमाके की सूचना के तुरंत बाद बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर मलबे में फंसे घायलों को बाहर निकाला और शव को बरामद किया। उन्होंने बताया कि मृतकों को निकालने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सात घंटे लगे।

# पीएम मोदी को न्योता देने पर कार्नी बोले भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने PM मोदी को फोन करके G7 का न्योता दिया है. इसको लेकर कनाडा सरकार के फैसले की आलोचना हो रही है. कारण, कनाडा की विपक्षी पार्टियों ने 2023 में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की कथित भूमिका को लेकर पीएम मोदी को आमंत्रित किए जाने पर सवाल उठाए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कार्नी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान G7 सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया। यह सम्मेलन कनाडा के अलबर्टा प्रांत में 15 से 17 जून के बीच आयोजित होगा। कनाडा इस वर्ष G7 समूह का अध्यक्ष देश है। इस बीच जब कनाडा के पत्रकारों ने भारत सरकार पर लगे आरोपों के बीच पीएम मोदी को न्योता देने के बारे में सवाल पूछा तो कनाडाई पीएम कार्नी ने कहा है कि भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और कई महत्वपूर्ण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में इसकी भूमिका केंद्रीय है. इसी कारण उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आगामी G7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया है और यह आवश्यक है कि भारत जैसे देश भी इन उच्चस्तरीय वैश्विक चर्चाओं का हिस्सा बनें. जब पत्रकारों ने कार्नी से हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले पर सवाल किया तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि यह मामला कानूनी प्रक्रिया में है और इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

# मेक्सिको में विमान हादसे में तीन की मौत

**ग्वाटेमाला।** मेक्सिको में एक विमान हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में ग्वाटेमाला के दो पायलट और एक मेक्सिकन कृषिविज्ञानी इंजीनियर की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब ये लोग मवेशियों में स्क्रूवर्म के प्रसार को रोकने के लिए मक्खियों को मुक्त कर रहे थे। मेक्सिको के कृषि मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ग्वाटेमाला का विमान दक्षिणी मैक्सिको में तापचुला के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन इसका कारण नहीं बताया। मेक्सिको ने पिछले महीने अमेरिकी सरकार के दबाव में कीट के प्रसार को नियंत्रित करने के प्रयासों को आगे बढ़ाया था, जिसने स्क्रूवर्म के डर से मैक्सिको से मवेशियों के आयात को निलंबित कर दिया था।

# 'जासूस' जसबीर के मोबाइल से मिले PAK के 150 नंबर

## पुलिस से बोला- घंटेभर के लिए अपना लैपटॉप...

एजेंसी

**नई दिल्ली**

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किए गए पंजाब के यूट्यूबर जसबीर सिंह को लेकर कई खुलासे हो रहे हैं। वह पिछले कुछ समय में छह बार पाकिस्तान की यात्रा कर चुका था और उसके मोबाइल में पाकिस्तान के 150 कॉन्टैक्ट्स मिले हैं। जसबीर को चार जून को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। शनिवार को पंजाब की एक अदालत ने उसकी हिरासत को दो दिन के लिए और बढ़ा दिया है। इससे पहले, ज्योति मल्होत्रा समेत कई अन्य की भी जासूसी के आरोप में गिरफ्तारी हो चुकी है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'जानमहल वीडियो' यूट्यूब चैनल चलाने वाले



जसबीर ने पुलिस को रिमांड के दौरान बताया है कि उसने अपना लैपटॉप पाकिस्तान के खुफिया अधिकारी को घंटेभर के लिए दिया था। वह भी ज्योति मल्होत्रा की तरह पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई के ऑपरेटिव दानिश उर्फ एहसान-उर-रहमान के संपर्क में था । उसने पंजाब के मोहाली की एक अदालत को बताया कि उसे एक महिला मित्र ने दानिश से मिलवाया था।

जसबीर ने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया है कि दानिश ने ही उसके लिए कुछ सिम कार्ड भी ऑर्डर कि ए थे। जासूसी नेटवर्क से दानिश का कनेक्शन मिलने के बाद सरकार ने कड़ा ऐक्शन लेते हुए उसे वापस पाकिस्तान भेज दिया था। इससे पहले, जसबीर को पाकि स्तान के खुफिया अधिकारी शाकिर उर्फ जट्ट रंधावा से भी जुड़ा पाया गया था और यह सामने आया कि साल 2020, 2021 और 2024 में पाकिस्तान की अपनी यात्राओं के दौरान वह आईएसआई अधिकारियों के सीधे संपर्क में आया था। उसने खुलासा कि या कि पाकिस्तान के पूर्व पुलिसकर्मी नासिर ढिल्लों ने उसे लहौर में आईएसआई के अधिकारियों से मिलवाया।

# केदारनाथ जा रहे हेलीकॉप्टर की हाईवे पर इमरजेंसी लैंडिंग

## बाल-बाल बचे श्रद्धालु

**देहरादून।** उत्तराखंड में एक बड़ा हादसा टल गया। यहां सड़क पर एक हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। जिस समय में ये लैंडिंग हुई उस समय हेलीकॉप्टर में कुछ लोग भी सवार थे। हालांकि वह सभी सुरक्षित है और पायलट को मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के मुताबिक हेलीकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ जा रहा था। इसी दौरान हाईवे पर इसकी इमरजेंसी लैंडिंग हुई जिसमें श्रद्धालु बाल-बाल बच गए। सड़क पर इमरजेंसी लैंडिंग के बाद हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा कार पर गिर गया जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। इसका एक वीडियो भी सामने आया है।

# मैनपुरी में महंत की अंत्येष्टि पर खूनी संघर्ष, मंदिर पर ताला

एजेंसी

**मैनपुरी**

मैनपुरी के किशनी के जटपुरा चौराहे पर स्थित रामजानकी आश्रम के 80 वर्षीय महंत सुरेंद्र दास की मृत्यु के बाद उनकी आश्रम के भीतर अंत्येष्टि को लेकर शनिवार सुबह भारी बवाल हो गया। पुलिस-प्रशासन ने तत्काल हस्तक्षेप कर शव का अंतिम संस्कार आश्रम के बाहर कराया और अगले आदेश तक मंदिर को सील कर दिया। मंदिर में लोगों के प्रवेश और पूजा-पाठ पर भी रोक लगा दी गई है। आश्रम के भीतर अंत्येष्टि नहीं करने दे रहे महंत रघुनंदन दास के अनुयायियों ने सुरेंद्र दास का शव शनिवार सुबह उठाने की कोशिश की, जिससे दोनों पक्षों में भीषण भिड़ंत हो गई। इस दौरान जमकर हाथापाई और पथराव हुआ, जिसमें तीन लोग घायल हो गए।

पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया और दोनों पक्षों से 10 लोगों को हिरासत में लिया। एसपी सिटी आईपीएस अरुण कुमार की मौजूदगी में रघुनंदन दास को उनके अनुयायियों सहित आश्रम से बाहर निकाला गया। दोपहर में पुलिस ने आश्रम के गेट पर ताला लगा दिया और चाबी ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष, तहसीलदार किशनी को सौंप दी।

# पाकिस्तान को अलग-थलग करने में विफल रही सरकार : पवन खेड़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली**

कांग्रेस ने शनिवार को पहलगाम आतंकी हमले को लेकर मोदी सरकार की आलोचना की। पार्टी ने आरोप लगाया कि आतंकी हमले के बाद सरकार वैश्विक मंच पर पाकिस्तान को अलग-थलग करने में विफल रही है। यह भारतीय सैनिकों और नागरिकों के साथ 'आपराधिक विश्वासघात' है।

कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग प्रमुख पवन खेड़ा ने पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले के बाद, हमें उम्मीद थी कि सरकार पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई करेगी और उसे वैश्विक मंच पर अलग-थलग करेगी, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के बजाय, चीन ने पाकिस्तान को पांचवीं पीढ़ी के जेट और मिसाइलों से लैस कर दिया। साथ ही विश्व बैंक और एडीबी



ने भी पड़ोसी देश को अधिक सहायता देकर मजबूत किया।

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) ने पहलगाम हमले के कुछ दिनों बाद ही पाकिस्तान को आतंकवाद विरोधी समिति का उपाध्यक्ष भी नामित कर दिया। उन्होंने कहा, 'चीन पाकिस्तान को पांचवीं पीढ़ी के 40 स्टील्थ जे-35ए लड़ाकू विमानों से लैस कर रहा है, जो अत्याधुनिक पीएल-17 मिसाइलों से लैस हैं। अजरबैजान 40 पाकिस्तानी जेएफ-17 लड़ाकू विमानों की खरीद में 2 बिलियन डॉलर का निवेश कर रहा है।' पवन खेड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व बैंक ने पाकिस्तान के विकास के लिए 40 बिलियन डॉलर देने का वादा किया है। आईएमएफ ने 1 बिलियन डॉलर की बेलआउट राशि मंजूर की है। वहीं, रूस ने भी कराची में एक स्टील प्लांट के पुनर्निर्माण के लिए 2.6 बिलियन डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने दावा किया कि कुवैत और यूएई ने वीजा नियमों में ढील दी है और 10 बिलियन डॉलर के निवेश सौदे की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान चीन अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता संगठन में शामिल हो गया है, जिससे एशियाई कूटनीति में उसका प्रभाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कूटनीतिक विफलता नहीं है।

# श्रीनगर में जामा मस्जिद लगातार 7वें साल बंद

## उमर बोले- अपने लोगों पर भरोसा करना होगा

एजेंसी

**श्रीनगर**

देशभर में आज ईद-उल-अजहा यानी बकरीद मनाई जा रही है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में भी लोगों ने मस्जिदों में नमाज अदा की। हालांकि, श्रीनगर की जामा मस्जिद लगातार सातवें साल ईद-उल-अजहा पर बंद रही। 2019 में आर्टिकल 370 हटने के बाद सुरक्षा कारणों से जामा मस्जिद पर ताला लगा है।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, 'मुझे जामा मस्जिद बंद रखने के फैसले का आधार नहीं पता, लेकिन हमें अपने लोगों पर भरोसा करना सीखना होगा। ये वही लोग हैं, जिन्होंने पहलगाम हमले का विरोध किया था। केंद्र को ऐतिहासिक जामा मस्जिद में नमाज की अनुमति देने के बारे में सोचना चाहिए।' जम्मू-कश्मीर की पूर्व CM और पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (PDP) की चीफ महबूबा मुफ्ती ने भी मस्जिद बंद रखने के फैसले पर सवाल उठाए। पूर्व सीएम ने कहा, 'ईद के दिन जामा मस्जिद पर ताला लगाया गया है। यह हमारे मजहब के खिलाफ है। CM उमर अब्दुल्ला को नजरबंद किया गया है। अगर सब ठीक है तो ये सब क्यों किया जा रहा है।'

## जोकोविच फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

### अब वर्ल्ड नंबर-1 सिनर से भिड़ेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन 2025 के मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टर फाइनल में जोकोविच ने पहले सेट में पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी की।

जोकोविच के अलावा, वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर भी सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। जोकोविच की फ्रेंच ओपन में



101वीं जीत 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में तीसरे सीड एलेक्जेंडर ज्वेरेव को चार सेटों में 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में अपनी 101वीं जीत दर्ज की है। 38 साल के जोकोविच अब सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी जैनिक सिनर से भिड़ेंगे। दोनों के बीच अब तक 8 मुकाबले हुए हैं, जिनमें स्कोर 4-4 है। पिछले तीन मैचों में सिनर ने जीत हासिल की है।

इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुब्लिक को 1 घंटे 49 मिनट में 6-1, 7-5, 6-0 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने ग्रैंड स्लैम में अपनी लगातार 19वीं जीत दर्ज की है और वह अब नोवाक जोकोविच के खिलाफ सेमीफाइनल में खेलेंगे। अमेरिकी खिलाड़ी कोको गौफ ने क्वार्टर फाइनल में हमवतन मेडिसन कीज को हरा दिया है। उन्होंने कीज को 6-7(6), 6-4, 6-1 से हराया। सेमीफाइनल में गौफ का मुकाबला फ्रांसीसी वाइल्डकार्ड खिलाड़ी लोइस बॉइसन से होगा, जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा एंड्रीवा और तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर सभी को चौंका दिया है।

## श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर पर लगा मैच फिक्सिंग का आरोप

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के पूर्व ऑफ स्पिनर सचित्रा सेनानायके को हंबनटोटा उच्च न्यायालय ने 2020 लंका प्रीमियर लीग के दौरान एक साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिए लुभाने का प्रयास करने के आरोप में दोषी ठहराया है। अटॉर्नी



जनरल के विभाग ने कहा कि देश के हाल ही में लागू भ्रष्टाचार विरोधी कानून के तहत मैच फिक्सिंग के लिए राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेटर पर यह पहला अभियोग है। उन्हें गिरफ्तार किया गया और 2023 में जमानत पर रिहा कर दिया गया। 40 वर्षीय ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिए एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और कुल मिलाकर 78 विकेट लिए। वह श्रीलंका की 2014 टी20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य थे। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार उन्होंने एक अन्य राष्ट्रीय खिलाड़ी थारिंडु रत्नायके से भ्रष्ट संपर्क किया, जो उस समय कोलंबो किंग्स के लिए खेल रहे थे। श्रीलंकाई एक रिपोर्ट में कहा गया है, सेनानायके पर दुबई से टेलीफोन के माध्यम से 2020 में उद्घाटन एलपीएल में भाग लेने वाले दो अन्य क्रिकेटरों से संपर्क करने का भी आरोप है, उन्हें मैच फिक्सिंग में शामिल होने के लिए मनाने का प्रयास किया गया।

## इंग्लैंड सीरीज में ना चुने जाने के बाद अक्षर पटेल ने किया संन्यास का ऐलान? क्या है सच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के खत्म होने के साथ ही भारतीय क्रिकेटर और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल सुर्खियों में आ गए हैं. दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है और दावा किया जा रहा है कि उन्होंने क्रिकेट से




संन्यास ले लिया है. जिसके बाद क्रिकेट जगत में तहलका मच गया है. अक्षर पटेल को इस बार इंग्लैंड दौरे के लिए भी भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है, जिसके चलते उनके फैंस और ज्यादा परेशान हो गए हैं. सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें अक्षर को यह कहते हुए सुना गया कि 'मेरा और क्रिकेट का सफर यहीं तक था.' जिसके बाद फैंस के बीच चिंता की लहर दौड़ गई. हालांकि, अब इस खबर की सच्चाई सामने आ गई है, और यह वीडियो फर्जी साबित हुआ है. दरअसल, यह वीडियो एआई की मदद से बनाया गया है, जिसमें अक्षर की आवाज और तस्वीरों का इस्तेमाल किया गया. अक्षर ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है, और वह अभी भी क्रिकेट में सक्रिय हैं.इस वीडियो में अक्षर पटेल रिटायरमेंट स्पीच देते नजर आ रहे हैं. अक्षर कहते नजर आ रहे हैं, 'यह बहुत महत्वपूर्ण ऐलान है.

### RCB को जिताया IPL का खिताब

# अब जितेश शर्मा बने कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पहली बार खिताब जिताने वाले कई खिलाड़ियों का योगदान रहा. इसमें एक नाम जितेश शर्मा हैं. जितेश शर्मा ने आईपीएल 2025 में आरसीबी के लिए कई अहम पारियां खेली और क्वालिफायर-1 में टीम की जीत के हीरो भी रहे थे.

इतना ही नहीं, कुछ मैचों में उन्हें आरसीबी की टीम की कप्तानी करने का मौका भी मिला. अब जितेश शर्मा एक नई चुनौती के लिए तैयार हैं. वह जल्दी ही एक भारतीय लीग में खेलते हुए नजर आएंगे, जिसमें वह बतौर कप्तान खेलेंगे.



जितेश शर्मा 5 से 15 जून तक नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में आयोजित होने वाली विदर्भ प्रो टी20 लीग में नीको मास्टर ब्लास्टर टीम की कप्तानी करेंगे. इस टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा ले रही हैं और कुल 18 मैच खेले जाएंगे. वहीं, नीको मास्टर ब्लास्टर की टीम में अनुभवी आर संजय को उपकप्तान बनाया गया है, जबकि युवा खिलाड़ियों जैसे आर्यन मेश्राम, आद्यान डागा और वेदांत दिघड़े भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं. टूर्नामेंट का पहला मैच पगरिया स्ट्राइकर्स और नागपुर टाइटंस के बीच होगा. दूसरी ओर जितेश की टीम नीको मास्टर ब्लास्टर अपना पहला मुकाबला 6 जून को भारत रेंजर्स के खिलाफ खेलेगी. इस लीग में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की टीमें भी हिस्सा ले रही हैं, जिसमें नीको की महिला टीम की कप्तानी भारती फुलमाली करेंगी.

#### आईपीएल 2025 में जमकर चला बल्ला

जितेश शर्मा ने आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया था. उन्होंने 11 पारियों में 261 रन बनाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 176.35 और औसत 37.28 रहा. इस दौरान उन्होंने 24 चौके और 17 छक्के लगाए, और आरसीबी को 18 साल बाद पहली आईपीएल ट्रॉफी दिलाने में अहम भूमिका निभाई. क्वालिफायर-1 में तो उन्होंने नाबाद 85 रन बनाकर आरसीबी को फाइनल में पहुंचाया था. अब वह अपनी इस फॉर्म को विदर्भ प्रो टी20 लीग में भी जारी रखना चाहेंगे.

#### विदर्भ प्रो टी20 लीग में मास्टर ब्लास्टर की टीम

जितेश शर्मा (विकेटकीपर-कप्तान), आर संजय, आर्यन मेश्राम, अद्यान डागा, अद्यान रौथम, आकाश कोमडे, वेदांत दिघाड़े, गौरव ढोबले, अंकुश तम्मीवार, आदित्य खिलोटे, आर्य दुरुगकर, प्रथम माहेश्वरी, प्रफुल्ल हिंगे, अननमय जयसवाल, सार्थक धाबडगांवकर, सनमेश देशमुख.

### बेंगलुरु भगदड़ पर विराट कोहली की पहली प्रतिक्रिया

# शब्द नहीं हैं मेरे पास...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेटर विराट कोहली ने बेंगलुरु भगदड़ पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वे पूरी तरह टूट चुके हैं और उनके पास कोई शब्द नहीं हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर आरसीबी का एक आधिकारिक बयान भी जारी किया है जिसमें इस हादसे पर दुख जताया गया है। आरसीबी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा है कि मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए हमे बेंगलुरु में भीड़ की वजह से हुए हादसे की जो जानकारी मिली है, वो जान बहुत दुखी हैं। सभी की सुरक्षा ही हमारे के लिए सबसे जरूरी है। जिन भी लोगों ने इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में अपनी जान गंवाई है, हम उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। अपने बयान में आगे साफ कहा है कि जैसे ही स्थिति के बारे में पता चला हमने अपने कार्यक्रम में तब्दीली की और स्थानीय प्रशासन ने जैसे निर्देश दिए, उसके मुताबिक आगे बढ़े। हम अपने सभी समर्थकों से अपील करते हैं कि वे सुरक्षित रहें। अब इस प्रतिक्रिया से समझ आता है कि आरसीबी की टीम ने स्थानीय प्रशासन का सहयोग किया था, उन्हें जैसा कहा गया, उन्होंने वैसा ही किया।



#### RCB की विक्ट्री परेड मातम में कैसे बदली

अब जानकारी के लिए बता दें कि बेंगलुरु में मची भगदड़ का सबसे बड़ा कारण ओवरक्राउडिंग रहा है। इसके ऊपर क्योंकि पुलिस का जरूरी संदेश समय रहते आम लोगों तक नहीं पहुंचा, उस वजह से भी एक कम्युनिकेशन गैप बना और इतना बड़ा हादसा हो गया। असल में बुधवार को सुबह 11.56 पर ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि कोई विक्ट्री परेड नहीं होगी। अब जिस समय पुलिस ने यह जानकारी दी, कई लोग पहले ही भीड़ लगा चुके थे। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर तो लोग इकट्ठा होने शुरू हो गए थे। ऐसे में कई को तो जानकारी तक नहीं थी कि विक्ट्री परेड कैंसिल हो चुकी है। अभी के लिए इस हादसे के बाद कर्नाटक सरकार ने मतृकों के परिवार के लिए 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। सीएम सिद्धारमैया ने भी इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया है कि उम्मीद से कहीं ज्यादा भीड़ मौके पर पहुंची और उसी वजह से यह दर्दनाक हादसा हुआ।

### नेशंस लीग:

# रोनाल्डो का गोल, मेजबान जर्मनी को हराकर फाइनल में पुर्तगाल

**म्यूनिख, एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के निर्णायक गोल से पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग सेमीफाइनल में जर्मनी को 2-1 से हरा दिया। इसी के साथ मेजबान टीम की पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। ओलावृष्टि के कारण 10 मिनट की देरी के बाद, जर्मनी ने जल्दी ही लय पकड़ ली। लियोन गोरेट्जका ने शुरुआत में डियोगो कोस्टा को परखा, जबकि डेब्यूटेंट निक वोल्टमेड ने एलेक्जेंडर पावलोविच के साथ मिलकर एक और मौका बनाया। हालांकि, पुर्तगाल ने जल्द ही लय पकड़ ली। पेड्रो नेटो की तेज रफ्तार ने बार-बार जर्मन डिफेंस को एक्सपोज किया और रोनाल्डो ने गोलकीपर मार्क-आंद्रे टेर स्टेगन को दो बार परखा। यह टेर स्टेगन की चोट से वापसी के बाद पहला मैच था। फ्लोरियन विर्ट्ज ने 48वें



मिनट पर मैच का पहला गोल दागकर जर्मनी को 1-0 से लीड में ला दिया। फ्रांसिस्को कॉन्सेइकाओ, जो कुछ मिनट पहले ही मैदान पर आए थे, उन्होंने शानदार सिंगल स्ट्राइक के साथ मैच का रुख पलटा। 63वें मिनट पुर्तगाल ने भी अपना खाता खोलते हुए मैच 1-1 से बराबरी पर ला दिया। जर्मनी को यहां से संभलने का मौका नहीं मिला। ब्रूनो फर्नांडीस और नूनो मेंडेस के बीच एक शानदार वन-टू ने जर्मन बैकलाइन को तितर-बितर किया और मेंडेस के लो क्रॉस को रोनाल्डो ने गोल में बदला। इसी के साथ रोनाल्डो 40 साल और 119 दिन की उम्र में जर्मनी के खिलाफ गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जर्मनी अब रविवार को तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ खेलेगा, जबकि पुर्तगाल फाइनल खेलेगा। मैच गंवाने के बाद जर्मनी के कोच जूलियन नेगल्समैन ने कहा, यह निश्चित रूप से हाल के दिनों में हमारा सबसे कमजोर प्रदर्शन था। हमने हमेशा पूरे दृढ़ विश्वास के साथ अटैक नहीं किया। पुर्तगाल जैसी टीम के खिलाफ अगर आप बदलाव में बहुत धीमे हैं, तो



### कोचिंग स्टाफ को लेकर फ्रेंचाइजी में असंतोष

# लखनऊ सुपर जायंट्स से जहीर खान की होगी छुट्टी?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 को खत्म हुए 2 दिन भी नहीं हुआ है और फ्रेंचाइजी में बदलाव की चर्चा शुरू हो गई है। अगले सीजन से पहले कई फ्रेंचाइजी स्टाफ और कोचिंग स्टाफ में बदलाव कर सकती हैं और सबसे बड़ा बदलाव लखनऊ सुपर जायंट्स टीम में हो सकता है।

14 मैचों में से सिर्फ छह जीत के साथ सातवें स्थान पर रहने से फ्रेंचाइजी प्रबंधन खुश नहीं है। जहीर खान की देखरेख में काम कर रहे लखनऊ सुपर जायंट्स के कोचिंग स्टाफ के कुछ प्रमुख सदस्यों के भविष्य को लेकर अब सवाल उठ रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहीर (46) खुद भी इस परेशानी का सामना कर रहे हैं। जहीर को पिछले साल की नीलामी की शुरुआत से पहले मेंटर बना गया था, तो उन्हें सिर्फ एक साल के अनुबंध पर रखा गया था। उस कॉन्ट्रैक्ट को रिन्यू किया जाना है और सूत्रों का कहना है कि अगर वह बने रहते हैं तो यह आश्चर्य की बात होगी।

#### लैंगर का कॉन्ट्रैक्ट भी रिन्यू होना है

जहीर को मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के साथ काम करने के लिए लाया गया था, जिनका कॉन्ट्रैक्ट भी रिन्यू होना है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों के बीच सीजन के दौरान कैसा समन्वय किया, लेकिन टीम और प्रबंधन के भीतर असंतोष की भावना दिखाई देती है।

इस स्तर पर चर्चा से पता चलता है कि लैंगर की तुलना में जहीर पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

#### ● प्रबंधन टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश नहीं

एलएसजी फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका क्रिकेट और आईपीएल के प्रति जुनूनी माने जाते हैं और पिछले दो सीजन से टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में कामयाब नहीं हो पाई है। हालांकि, जहीर 2024 सीजन के लिए जवाबदेह नहीं हो सकते, लेकिन प्रबंधन इस सीजन में टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश नहीं है।

#### ● जहीर-पंत का पेशेवर संबंध काफी अच्छा

कहा जाता है कि जहीर का कप्तान ऋषभ पंत के साथ पेशेवर संबंध काफी अच्छा है, लेकिन पंत ने बल्ले से निराश किया। पंत ने 14 मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक सहित 269 रन बनाए, लेकिन बाकी 12 मैचों में कोई खास योगदान नहीं दे पाए।

हालांकि, कप्तान के निराशाजनक प्रदर्शन के लिए टीम के मेंटर को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन यह जहीर ही थे, जिन्होंने टीम के विजन और दृष्टिकोण को आकार देने में मदद की। उन्होंने और पंत दोनों ने इस सीजन में निडर होकर क्रिकेट खेलने की बात कही थी। लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिले।



# इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच शुक्रवार से

### केएल राहुल पर रहेगी नजरें

**नॉर्थम्पटन, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले केएल राहुल की नजरें लाल गेंद के प्रारूप में अभ्यास पर होंगी जब भारत ए टीम शुक्रवार से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरा और आखिरी अनधिकृत टेस्ट खेलने उतरेगी।

भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून होने के कारण राहुल ने टेस्ट टीम से पहले अभ्यास के लिए ब्रिटेन पहुंचने का फैसला किया। पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम शुक्रवार को मुंबई से रवाना होगी। इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके राहुल भारतीय टेस्ट टीम के सबसे सीनियर सदस्य हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से विदा ले चुके हैं।

राहुल ने 58 टेस्ट में 33.57 की औसत से रन बनाए हैं लेकिन उन्हें अधिकांश सफलता शीर्षक्रम में मिला है। अब देखना है कि वह इसी क्रम पर उतरते हैं या इसमें बदलाव किया जाता है। गिल और साइ सुदर्शन को भी दूसरा चार दिवसीय मैच खेलना था लेकिन आईपीएल के कारण नहीं खेल सके। दोनों को लीड्स पर होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व सिर्फ टीम के भीतर अभ्यास मैच खेलने का मौका मिल सकेगा। टेस्ट टीम के सदस्यों में से 6 ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला मैच खेला जो ड्रॉ रहा। तेज गेंदबाज आकाश दीप दूसरे मैच में खेलेंगे। यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और करूण नायर ने पहले मैच में रन बनाए थे। ऐसी संभावना है कि रूतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को इस मैच में मौका दिया जाए।

तेज गेंदबाज हरफनमौला के लिए शार्दुल ठाकुर और नीतिश रेड्डी में से एक का चयन होगा। दोनों ने कैंटरबरी में पहला मैच खेला लेकिन ठाकुर ने रेड्डी से ज्यादा गेंदबाजी की। फिटनेस कारणों से रेड्डी आईपीएल में भी ज्यादा नहीं खेल सके थे।

अगर एक बार फिर सपाट पिच मिलती है तो राहुल एंड कंपनी के लिए तैयारियों के लिहाज से यह अच्छा नहीं होगा। इंग्लैंड लायंस के लिए तेज गेंदबाज जोश टंग और क्रिस वोक्स प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे ताकि पहले टेस्ट के लिए टीम में जगह बना सकें। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर का चोट के कारण भारत के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। गुस एटकिंसन भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं।

**टीमें:** भारत एः अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करूण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कम्बोज, खलील अहमद, रूतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

**इंग्लैंड लायंसः** जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद,जोर्डन कॉक्स, रिकी फिलंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, मैक्स होल्डन, बेन मैकिनी, एडी जैक, अजीत सिंह डेल, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

**समयः** दोपहर 3.30 से।

## रिसर्च: तो इसलिए बेटियां बेटों से ज्यादा होशियार होती हैं

आमतौर पर पढ़ाई के मामले में बेटियों की होशियारी की सब तारीफ करते हैं। स्कूल जाने वाली बेटी की होशियारी का एक नमूना बीते साल भी देखने को मिला, जब इग्लैंड में 80,000 बच्चों (लड़कों) को रिसेप्शन क्लास में रखा गया। इनमें से ज्यादातर लड़के ऐसे थे, जिन्हें वाक्यों की संरचना भी नहीं आती थी। रिसेप्शन क्लास स्कूल से पहले बच्चों को बोलना सिखाती है। आश्चर्य की बात यह थी कि इस कक्षा में एक भी लड़की शामिल नहीं थी।

इस बात को समझने के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टन ने स्कूल में पहली बार दाखिला लेने के लिए तैयार बच्चे और बच्चियों का अध्ययन किया और पाया कि बेटों के मुकाबले बेटियां पहली बार स्कूल बेहतर तैयारी के साथ जाती हैं। स्कूल में दाखिला लेने से पहले ही उनकी भाष और शब्दों की समझ बेटों की तुलना में बेहतर हो जाती है। बेटे और बेटियों के बीच का यह फासला आगे बड़ी क्लास तक पहुंचते-पहुंचते और भी ज्यादा हो जाता है और लड़के, लड़कियों की तुलना में पीछे छूट जाते हैं। अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार दरअसल ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि बच्चियां अपनी मां के साथ ज्यादा वक्त गुजारती हैं। जबकि बेटे खेलकूद में ज्यादा वक्त खर्च करते हैं। मां के साथ रहते हुए बच्चियों को भाषओं की वर्णमाला और कविताएं सीखने का मौका ज्यादा मिलता है। माएं बेटियों को पढ़ना, लिखना, गाना, पेंटिंग बनाना, कविताओं आदि के लिए ज्यादा समय दे पाती हैं। विशेषज्ञों ने रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अध्ययन के नतीजे बेहद तथ्यात्मक हैं और रोचक भी। इस अध्ययन से यह बात स्पष्ट हो गई है कि बेटे और बेटियों के बीच का यह फर्क किसी भेदभाव का नतीजा न होकर इस बात का संकेत है कि तीन साल की उम्र में लड़के, लड़कियों के मुकाबले खेलकूद की गतिविधियों में ज्यादा रुझान रखते हैं।

## गाय की खुशी बढ़ाएगी दूध में कैल्शियम का स्तर



अकसर लोगों को कहते सुना होगा कि गाय का दूध हेल्थ के लिहाज़ से श्रेष्ठ होता है, इसलिए लगभग हर परिवार में गाय का दूध ही डेली रूटीन में इस्तेमाल किया जाता है। हर उम्र के लोगों के लिए बेस्ट माने जाने वाले गाय के दूध के फायदों से आज कौन अंजान हैं। कैल्शियम का अच्छा स्रोत होने के साथ-साथ बच्चों के दिमाग को मजबूती देने में भी सहायक होता है। ऐसे में हर कोई चाहता है कि वह दिन में कम से कम एक बार अपने रूटीन में शामिल करें। फिर चाहे वह सिंपल दूध के रूप में हो या दही, पनीर आदि के रूप में। क्या आप जानते हैं जो दूध आप पी रहे हैं, उसे ज़्यादा पौष्टिक कैसे बनाया जा सकता है ? जी नहीं, अगर आप सोच रहे हैं, संप्लीमेंट्स, कॉम्पलेंट्स और हॉरलेक्स इसका सही जवाब नहीं है। इसका सही जवबा है गाय की खुशी। हैरान होने की बात नहीं है। आपको बता दें कि एक नए अध्ययन से इस दिलचस्प बात का खुलासा हुआ है कि गाय जब खुश होती है, तो पहले से कहीं गुना ज़्यादा पौष्टिक दूध देती है। इतना ही नहीं, इससे कैल्शियम का स्तर भी बढ़ जाता है।



# कॉफी पीने के हैं ढेर सारे फायदे

**बहुत से लोगों के दिन की शुरुआत एक ब्लैक कॉफी के मग के साथ ही होती है। लेकिन इसके बावजूद कॉफी पीने के नुकसान लोग ज्यादा गिनाते हैं। सच तो ये है कि कॉफी नुकसान तब करती है जब एक दिन में पांच कप या इससे ज्यादा पी जाए। एक या दो कॉफी के कप तो सेहत के लिए अच्छे माने गए हैं। जानिए कैसे -**

- कॉफी की क्वालिटी बहुत मायने रखती है। जर्मनी के एक शोध में पाया गया की डार्क रोस्ट कॉफी पीने से डीएनए इम्प्रूव होता है। आम तौर पर कॉफी बीन्स में पेस्टिसाइड्स का छिड़काव किया जाता है। इसलिए ऑर्गेनिक कॉफी का चुनाव करें।
- कॉफी ठंडी पीने से हेल्थ-बेनिफिट्स ज्यादा मिलते हैं। गर्म कॉफी ज्यादातर फायदे खत्म कर देती है।
- कॉफी सही अनुपात में पी जाए तो वैस्क्युलर हेल्थ सुधारती है और शरीर को पोषण भी देती है।
- मसल-रीजेनेरेशन और सेल्युलर रीसाइक्लिंग के लिए भी फायदेमंद है कॉफी।
- कॉफी लीवर पर फैट नहीं जमा होने देती है और कोलैजेन कंट्रोल रखती है। लेकिन तब जब इसे मॉडरेशन में पीया जाए।
- एल्जाइमर और डिप्रेशन से बचाव भी करती है कॉफी। इसके लिए ये जरूरी है की कॉफी को रेग्युलर और मॉडरेशन में पीया जाए। ऐसा इसलिए सम्भव है क्योंकि कॉफी में ऐन्टीऑक्सीडेंट्स बहुत ज्यादा होते हैं।

# क्या आप कपड़े खरीदने की सोच रहे है

**अगर आप भी उन लोगों में से हैं जो यह मानते हैं कि कलेक्शन में कई कपड़े कीमती नजर नहीं आते हैं और कुछ हद तक चीप भी लगते है तो इन टिप्स पर जरूर गौर फरमाएं :**

एक महंगी सफ़ेद शर्ट पर हजारों रुपए खर्च करने से अच्छा है कुछ बेसिक रंग का घर ले आइए। पैसा हमेशा उन चीजों में लगाइए जो ट्रेंड में हैं। जैसे लेदर जैकेट या फ्लोरल पैंट चलन में हैं तो इन पर इन्वेस्ट कीजिये। नीले रंग की जीन्स या सफ़ेद शर्ट तो हमेशा ही पूछे जाते हैं तो इन्हें ऐसेसराइज करने के बारे में सोचिये।

ब्राउन, मौव और दूसरे अर्दी कलर्स जैसे क्रीम, ओलिव दो या तीन धुलाई के बाद ही फ़ेड हैं। इनके मैटेरियल्स की क्वालिटी ठीक नहीं है तो फिर तो एक बार धोना ही इन्हें बर्बाद कर सकता है। एक घिसी हुई ब्राउन टी-शर्ट पहनने से अच्छा है ब्लैक या वाइट पहनें। लाइट ब्लू और पिंक भी पहना जा सकता है। वैसे बता दें कि ब्लैक में कितनी भी कमियां क्यों न दिख रही हो, लेकिन यह रंग हमेशा महंगा होने का अहसास देता है।

जब बात ट्राउजर या कोट की हो तो न्यूट्रल रंगों पर ही भरोसा करें। कैमल, क्रीम, सैंड जैसे ऑप्शंस में से कुछ चुना जा सकता है। इन रंगों के कपड़ों को लंबे वक्त तक संभालना भले ही थोड़ा मुश्किल हो लेकिन जब आप इन्हें पहनते हैं तो पूरा पैसा वसूल हो जाता है। इन्हें हमेशा ही ब्लैक के साथ पहन सकते हैं, यह सुरक्षित विकल्प है और रिच दिखने वाला भी।

कोई भी कपड़ा तब बिलकुल अच्छा नहीं लग सकता जब उस पर सल नजर आ रहे हों। अक्सर सस्ते कपड़े सिंथेटिक मटेरियल के ही बने होते हैं। इन पर प्रेस नहीं फ़ेरी जा सकती इसलिए स्टीमर बेहतरीन विकल्प हैं। अगर आप इन्हें नहीं धोना चाहते हैं तो स्टीम करें और रात भर के लिए हेंगर पर छोड़ दें। ध्यान रहे कमरे में हवा अच्छे से आ रही हो , सुबह यह ड्रेस पहनने लायक सूख जाएगी। कभी भी वो कपड़े नहीं खरीदे जिन पर पहले से ही खूब ताम-झाम लटक रहे हों। कहने का मतलब है एक सिंपल टी-शर्ट खरीदें और फिर चाहें तो उस पर कोई महंगी जूलरी कैरी करें। ऐसी टी-शर्ट पर पैसे जाया न करें जिस पर पहले से ही कोई चैन या लटकन लगी हो। यह ताम-झाम चीजों को गैरजरूरी ढंग से खूब महंगा भी कर देते हैं। एक बार कपड़े पहनना और फिर धुलने के लिए वाशिंग मशीन के हवाले कर देने की आदत बदल लीजिए। जरूरी नहीं कि हर बार पहनने के बाद कपड़ा धुलने ही जाए। कितना ही कीमती कपड़ा क्यों न हो, हर ढुलाई उसकी उम्र और चमक कम करती ही है। इसलिए सिर्फ इतना करें कि इन्हें ताजी और ठंडी हवा में कुछ घंटो के लिए टांग दें। दाग लग गए हैं तो स्पॉन्ज पर वाशिंग पाउडर लगा कर साफ कर लें, बजाय पूरे कपड़े को तर करने के।



हर चीज तभी अच्छी लगती है जब वो आप पर परफेक्टली फिट हो रही हो। चीप कपड़े अक्सर फिटिंग में भी खराब होते हैं। अच्छी फिटिंग में यह ताकत होती है कि वो 500 रुपए की शर्ट को 2500 रुपए का महसूस कराये। इसलिए सस्ता कुछ भी खरीदें तो एक बार टेलर के पास जरूर ले जाएं और अपने हिसाब से फिट करवा लें।

अगर आपको चीजों को अपने ही हाथ से करना पसंद है तो किसी भी टी-शर्ट में लेस लगाने से शुरुआत कीजिये। इस तरह आप एक सिंपल सफ़ेद टी-शर्ट को फैंसी बना सकते हैं। बस इतना ध्यान रहे कि आपकी खरीदी हुई लेस सस्ती नजर आने वाली नहीं हो। यह भी ख्याल रहे कि धागे ठीक तरह से ट्रिम कर दिए गए हों।

# गर्भवती महिलाओं के लिए डिजाइनर ड्रेस



गर्भावस्था किसी स्त्री के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दौर होता है। इस समय कई महत्वपूर्ण बदलाव आते हैं। ऐसे में स्त्रियों को अपने फिगर और ड्रेस को लेकर कई चिंताएं सताने लगती हैं। ड्रेस का चुनाव करते समय कुछ बातों का खयाल रखें और दिखें स्टाइलिश।

### स्टाइलिश लुक के लिए

अगर वेस्टर्न वेयर पहनने की शौकीन हैं तो अब मैटरनिटी के लिए खासतौर पर डिजाइन की गई जींस ही पहनें। इसमें आप कंफर्टेबल महसूस करने के साथ ही स्टाइलिश भी दिखेंगी।

- वेस्टर्न वेयर में पलाजो सबसे आरामदायक ड्रेस है, जिसे टी-शर्ट या शॉर्ट कुर्ती के साथ टीमअप किया जा सकता है। स्मार्ट लुक के लिए शर्ट या टी-शर्ट के साथ स्टोल या स्कार्फ भी डाल सकती हैं, जो आपको एक बेहतरीन लुक देगा।
- किसी पार्टी में जाना हो तो लॉन्ग या मैक्सी ड्रेस पहन सकती हैं।
- सॉफ्ट कॉटन के लूज टॉप, ए-लाइन या वेस्ट लाइन वाली ड्रेस भी पहन सकती हैं।
- अगर ट्रेडिशनल वेयर पहनने का मन हो तो कॉटन की कंफर्टेबल कुर्ती आपके लिए बेस्ट ऑप्शन होगी।
- कोबाल्ट ब्लू, पीकॉक ग्रीन, लेमन येलो जैसे वाइब्रेंट कलर्स चुनें।
- ज्वैलरी कम से कम पहनें। छोटे इयरिंग्स, फंकी बैंगल्स, हल्की चेन पहन सकती हैं।

**क्या न पहनें**
- ऐसे परिधान न पहनें जिनमें कंफर्टेबल महसूस न करें।
- ज्यादा एक्सेसरीज कैरी न करें।
- इससे एलर्जी हो सकती है।
- हील्स न पहनें

अंकिता सचदेव, फैशन डिजाइनर

**स्टोर और मल्टी स्टोर का चलन बढ़ने से इस प्रोफ़ेशन की डिमांड बहुत बढ़ गई है**

# बेहतरीन कैरियर बना सकते है साइलेंट सेलर



जो दिखता है वह बिकता है" का कॉन्सेप्ट मॉल कल्चर के लिए बहुत मायने रखता है। दुकानों के सामने सिर्फ डिस्प्ले लगाने का दौर अब नहीं रहा। शो-रूम्स में हर चीज इतनी सलीके से रखी हुई मिलती हैं कि कस्टमर कोई वस्तु खरीदने जाता है, जो अन्य चीजें भी आकर्षित करने लगती हैं। सेल्समैन से कुछ भी पूछने की जरूरत नहीं पड़ती। दरअसल, यह सब विजुअल मर्चेंडाइजिंग का कमाल है, जो अपने आप पूरी एक साइंस है यानी स्टोर में प्रोडक्ट को कैसे डिस्प्ले करना है? वॉल पर क्या कल अच्छा लगेगा? कैसे टारगेट कस्टमर को दुकान या स्टोर के अंदर लाया जाए... इत्यादि। इसीलिए विजुअल मर्चेंडाइजर को 'साइलेंट सेलर" भी कहा जाता है। रिटेल स्टोर और मल्टी स्टोर का चलन बढ़ने से इस प्रोफ़ेशन की डिमांड बहुत बढ़ गई है।

### प्रोफ़ेशनल थीम का जमाना

विजुअल मर्चेंडाइजिंग प्रेजेंटेशन का एक आर्ट है, जिससे किसी चीज की छवि बनाई जाती है। दरअसल, यह मार्केटिंग का ही दूसरा रूप है। एक विजुअल मर्चेंडाइजर का मुख्य ध्येय कस्टमर को प्रोडक्ट के प्रेजेंटेशन के जरिए लुभाना और उन्हें खरीददारी के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि सेल्स में बढ़ोत्तरी हो। ऐसा करने के लिए स्टोर में चीजों को क्रिएटिव ढंग से लगाना, विंडो डिस्प्ले, विजुअल डिस्प्ले, कलर ब्लॉकिंग, काउंटर तथा इन-काउंटर डिस्प्ले जैसे तमाम तरीके इस्तेमाल किए जाते हैं। मॉल का स्टोर के लिए पिक्चर, ब्रोशर और पोस्टर भी यही लोग तैयार करते हैं ताकि कस्टमल से बिना कुछ बोले कम्युनिकेट किया जा सके। ऐसे प्रोफ़ेशनल थीम के अनुसार अपनी स्ट्रेटेजी बदलते रहते हैं। मसलन, किस मौसम में क्या विंडो थीम रखना है? होली, दीपावली जैसे त्योहारों पर या वैलेंटाइन जैसे मौकों पर स्टोर की विंडो थीम क्या होनी चाहिए?

### जॉब की संभावना बहुत ज्यादा है

देश में रिटेल सेक्टर तेजी से विकास कर रहा है। ऑनलाइन शॉपिंग कल्चर भी बढ़ रहा है। वॉलमार्ट, आइटीसी, शॉपर्स स्टॉप, पैंटालून, तनिष्क और टाइटन जैसे ग्रुप छोटे से लेकर बड़े शहरों में दिनोंदिन मल्टीस्टोर खोल रहे हैं।

इसलिए विजुअल मर्चेंडाइजर्स के लिए यहां जॉब की संभावनाएं भी बहुत हैं। मॉल्स, फैशन बूटीक्स, फाइव स्टार होटल्स और रेस्टोरेंट में भी ऐसे प्रोफ़ेशनल्स की भारी डिमांड है। विजुअल मर्चेंडाइजिंग के जानकारों के लिए एम्पोरिया, डिजाइन कंपनी, आर्किटेक्चर फर्म तथा थीम पार्टी ऑर्गेनाइजिंग कंपनीज में भी जॉब के तमाम अवसर हैं। युवा चाहें, तो पार्टटाइम के रूप में फ्रीलांसिंग भी कर सकते हैं।

### करियर स्कोप

विजुअल मर्चेंडाइजर के लिए करियर स्कोप सिर्फ रिटेल सेक्टर में ही नहीं है। ऐसे प्रोफ़ेशनल्स की वैल्यू ई-कॉमर्स कंपनियों में भी बहुत है, जहां ये स्नैपडील, अमेजन जैसी कंपनियों की वेबसाइट का लुक तैयार करते हैं। प्रोडक्ट डिस्प्ले पर काम करते हैं। इसी तरह रेस्टोरेंट और कैफ़े में आजकल सीजनल थीम तय करने का काम यही प्रोफ़ेशनल्स कर रहे हैं। इनके हिसाब से ही खाने-पीने की चीजें कस्टमर को परोसे जाते हैं। स्टोर्स में भी प्रोडक्ट डिस्प्ले के लिए इनकी सेवाएं ली जा रही हैं। अच्छी डिजाइनिंग और फैशन सेंस रखने की वजह से टेक्सटाइल इंडस्ट्री में भी इनके लिए स्कोप लगातार बढ़ रहे हैं।

**ग्रॉफिक डिजाइनिंग के जानकार भी यहां करियर बना सकते है**

विजुअल मर्चेंडाइजिंग फील्ड में प्रवेश के लिए रिटेल या फैशन मर्चेंडाइजिंग का बैकग्राउंड होना जरूरी है। ग्रॉफिक डिजाइनिंग के जानकार भी यहां करियर बना सकते हैं। वर्तमान में कई इंस्टीट्यूट विजुअल मर्चेंडाइजिंग या फैशन कम्युनिकेशन में डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स ऑफर कर रहे हैं। डिग्री, डिप्लोमा कोर्स युवा ग्रेजुएशन के बाद कर सकते हैं। वहीं, डिग्री प्रोग्राम के लिए किसी भी स्ट्रीम से टेन प्लस टू उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। विजुअल मर्चेंडाइजिंग कोर्स के अंतर्गत स्टूडेंट को रिटेल स्टोर के लेआउट, डिजाइन स्टोर डिस्प्ले, प्रोडक्ट प्रेजेंटेशन, इंटीरियर डेकोरेशन आदि की जानकारी दी जाती है।

### जॉब ग्रोथ

इस फील्ड में ग्रोथ बहुत है। अपने काम के आधार पर आप असिस्टेंट लेवल से लेकर क्लस्टर मैनेजर और ब्रांच मैनेजर तक बन सकते हैं। कई बड़ी कंपनियों की डिप्स्ले टीम में ऐसे प्रोफ़ेशनल शॉप फ्लोर मैनेजर, स्टोर विजुअल मर्चेंडाइजिंग को ऑर्डिनेटर, फ्रीलांस विजुएल डिस्प्ले पर्सन, रिटेल विजुअल मर्चेंडाइजर और असिस्टेंट के तौर पर अपनी सेवाएं देते हैं।

### सैलरी पैकेज

रिटेलिंग फील्ड में विजुअल मर्चेंडाइजर को काफी आकर्षक सैलरी मिलती है। करियर के शुरुआती दिनों में ऐसे प्रोफ़ेशनल्स को 3.5 लाख रुपए तक सैलरी पैकेज आसानी से मिल जाता है। योग्यता और अनुभव के बल पर दो से तीन वर्षों बाद आपका सेलरी पैकेज 4 से 5 लाख रुपए तक पहुंच जाता है। बड़ी कंपनियों में यह पैकेज और भी अधिक हो सकता है। फ्रीलांसर के रूप में भी इस फील्ड में अच्छी कमाई है।

### प्रेजेंटेशन पर बढ़ता जोर

देश की जीड़ीपी बढ़ रही है। खाने-पीने की सुविधा अब बहुत हो गई है। लोगों की स्पेंडिंग कैपिसिटी भी बढ़ गई है। वीकेंड पर घूमने-फिरने का चलन बढ़ रहा है। स्टैंडर्ड लाइफस्टाइल मैंटेन किया जा रहा है। यही वजह है कि देश और विदेश के बड़े ग्रुप के रिटेल स्टोर तेजी से खुल रहे हैं। और उनका विस्तार भी हो रहा है। इनमें प्रतिस्पर्धा भी बढ़ रही है। इसलिए बेहतरीन प्रेजेंटेशन के जरिए प्रोडक्ट बेचने पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। विजुअल मर्चेंडाइजर के लिए स्कोप रेस्टोरेंट और ब्रांडेड नाम वाले खाने-पीने के स्टोर्स में भी बढ़ रहा है। इसलिए युवाओं के लिए यहां बहुत अच्छा क रियर है।

## अजवाइन का सेवन हैं अत्येधिक लाभकारी

भारतीय खानपान में अजवाइन का प्रयोग सदियों से होता आया है। अजवाइन पाचन को दुरुस्त रखती है। यह कफ, पेट तथा छाती का दर्द और कृमि रोग में फायदेमंद होती है। साथ ही हिचकी, जी मचलाना, डकार, बदहजमी, मूत्र का रुकना और पथरी आदि बीमारी में भी लाभप्रद होती है।आयुर्वेद के अनुसार अजवाइन पाचक, रुचिकारक, तीक्ष्ण, गर्म, चटपटी, कड़वी और पित्तवर्द्धक होती है। पाचक औषधियों में इसका बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। अकेली अजवाइन ही सैकड़ों प्रकार के अन्न को पचाने वाली होती है। आइए हम आपको अजवाइन के स्वास्थ्य लाभ के बारे में बताते हैं-

**पेट खराब होने पर :** पेट खराब होने पर अजवाइन को चबाकर खाएं और एक कप गर्म पानी पीएं। पेट में कीड़े हैं तो काले नमक के साथ अजवाइन खाएं। लीवर की परेशानी है तो 3 ग्राम अजवाइन और आधा ग्राम नमक भोजन के बाद लेने से काफी लाभ होगा। पाचन तंत्र में किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर मट्ठे के साथ अजवाइन लें, आराम मिलेगा।

**वजन कम करें :** अजवाइन मोटापे कम करने में भी उपयोगी होती है। रात में एक चम्मच अजवाइन को एक गिलास पानी में भिगो दें। सुबह छान कर एक चम्मच शहद के साथ मिलाकर पीने से लाभ होता है।

## रेसिपी

### लजीज मनभावन बनाना खिचड़ी



**सामग्री**

आधा दर्जन कच्चे केले, 2 चम्मच राजगिरा आटा, मूंगफली दाने 100 ग्राम, जीरा 1 चम्मच, शक्कर 1 चम्मच, काली मिर्च 5-7 बारीक पिसी हुई, हरी मिर्च 4-5 बारीक कटी हुई, हरा धनिया, बड़ा आधा चम्मच घी, नींबू, सेंधा नमक आवश्यकतानुसार।

**विधि**

सर्वप्रथम मूंगफली दाने को सेंक कर दरदरा पीस लें। कच्चे केले को हल्के उबाल कर छील लें और छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब कड़ाही में आधा चम्मच घी लेकर जीरा फ्राई करें एवं हरी मिर्च और केले के पीसेस डाल दें। इसे थोड़ी देर पकने दें। अब इसमें दरदरी पिसी मूंगफली डाल दें और उपरोक्त सारा मसाला डालकर धीमी आंच पर पांच मिनट पकने दें। लीजिए तैयार है कच्चे केले से बनी लजीज फलाहारी खिचड़ी। ऊपर से बारीक कटा हरा धनिया बुरकाकर मिलाएं और नींबू के साथ पेश करें।

### फलाहारी मोरधन के चटपटे चीले



**सामग्री**

1 कटोरी मोरधन, 1 कटोरी उबले मसले आलू, 1 बड़ी चम्मच किशमिश भीगी हुई, 1 कटोरी बारीक कटे टमाटर, आधी कटोरी बारीक कटी ककड़ी, आधी छोटी चम्मच लालमिर्च पावडर, आधी छोटी चम्मच चाट मसाला, थोड़ा-सा कटा हरा धनिया, सेंधा नमक स्वादानुसार।

**विधि**

मोरधन साफ करें। एक घंटा पूर्व पानी में गला दीजिए। इसमें भीगी किशमिश, मसले उबले आलू, नमक, लालमिर्च पावडर मिलाइए। पानी की सहायता से मिक्सी में चिकना पीसिए। घोल बनाइए। तेल लगाकर चीलों को सुनहरा सेंकिए। तैयार चीलों की एक सतह पर बारीक कटे टमाटर, ककड़ी, हरा धनिया व चाट मसाला छिड़किए। चीला फोल्ड कर गर्म-गर्म सर्व कीजिए।



# शर्वरी ने 'मुंजा' के एक साल पूरे होने का मनाया जश्न

बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी ने फिल्म 'मुंजा' के प्रदर्शन के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया है।

हॉरर-कॉमेडी ब्लॉकबस्टर मुंजा की 100 करोड़ की सफलता और एक साल पूरे होने के मौके पर, 'बेला' के किरदार से दिल जीतने वाली शर्वरी ने अपने फैंस के लिए एक यादगार पल रच डाला। उनका वायरल डांस नंबर "तरस" आज भी सोशल मीडिया पर छाया हुआ है।

**100 करोड़ की सफलता और एक साल पूरे होने पर जश्न**

शर्वरी ने एक डांस वर्कशॉप में अपने सबसे बड़े फैंस को चुपके से सरप्राइज दिया। जैसे ही वो कमरे में दाखिल हुईं, वहां मौजूद सभी चौंक गए।किसी की आंखों में आंसू थे, तो कोई खुशी से उछल पड़ा।फैंस ने उनसे तुरंत 'तरस' का हुक स्टेप करने की गुज़ारिश की और शर्वरी ने झट से स्टेप करते हुए सबके साथ डांस किया। उनके साथ नाचते हुए फैंस ने उस वायरल पल को फिर से जिया, जिसने एक साल पहले स्क्रीन पर धूम मचाई थी। शर्वरी ने कहा,"यकीन नहीं होता कि मुंजा को रिलीज़ हुए एक साल हो गया है। बेला का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत क्रिएटिवली संतोषजनक रहा, लेकिन सबसे बड़ा सरप्राइज था दर्शकों का 'तरस' गाने को लेकर जबरदस्त प्यार। एक न्यूकमर के तौर पर, इतने बड़े स्केल का डांस नंबर करना, और वो भी दिनेश विजन सर जैसे प्रोड्यूसर के साथ ,ये मेरे लिए एक सपने जैसा था। आमतौर पर ये मौके बड़े सितारों को ही मिलते हैं, जिनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त होती है। मुझे लगता है कि ये एक संकेत है कि मैं भी लोगों को जोड़ सकती हूं और शायद मेरा खुद का एक हिट डांस एंथम बन सकता है।महाराष्ट्रियन होने के नाते मुझे हमेशा पौराणिक कथाओं और लोक कथाओं में दिलचस्पी रही है। मैंने बचपन में मुंजा की कहानियां सुनी थीं, लेकिन जब स्क्रिप्ट पढ़ी तो कल्पना और डीटेल देखकर दंग रह गई।

# अल्लू अर्जुन के साथ काम करेगी दीपिका

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के साथ काम करती नजर आयेंगी। अल्लू अर्जुन, निर्देशक एटली और कलानिधि मारन की कंपनी सन पिक्चर्स की ई-ऑक्टेन पैन-इंडिया एंटरटेनर में दीपिका पादुकोण की एंट्री हो गयी है। घोषणा वीडियो में इस भव्य सहयोग की पहली झलक देखने को मिलती है, जिसमें दीपिका एटली से बात करती नजर आती हैं, और फिर तुरंत ही पूरी तैयारी में जुट जाती हैं । भव्य हेडगियर पहनकर, पूरी वेशभूषा में सेट पर कदम रखती हैं, युद्ध के लिए तैयार। यह फिल्म चार जबरदस्त रचनात्मक शक्तियों को एक साथ लाती है, जिसमें अल्लू अर्जुन, एटली, सन टीवी नेटवर्क और दीपिका पादुकोण शामिल है।अस्थायी रूप से प्रोजेक्ट एए22x ए6 नामक यह फिल्म एक सिनेमाई मील का पत्थर बनने जा रही है ,जिसमें गहन भावनाएं, रोमांचक एक्शन, भव्य दृश्य और भारतीय संस्कृति में गहराई से जमी कहानी को वैश्विक दर्शकों के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

● फिल्म का निर्माण इस वर्ष के अंत में शुरू होने की उम्मीद है, और जल्द ही कलाकारों, तकनीकी दल और रिलीज़ की समयसीमा पर और जानकारी साझा की जाएगी। एटली ने कहा, जवान में दीपिका पादुकोण मैम के साथ काम करना अविश्वसनीय था। उनकी रेंज, ताकत और गरिमा हर फ्रेम में झलकती है। वह कहानी को आगे बढ़ाती हैं। अब जब वह और अल्लू अर्जुन सर एक साथ हैं, तो हम कुछ ऐसा बना रहे हैं जो वास्तव में अविस्मरणीय होगा । एक फिल्ममेकर का सपना।





# आलिया - शाहिद की रैम्प वॉक फीस लाखों में



ये कोई राज नहीं है कि बॉलीवुड सितारे सिर्फ़ पर्दे पर ही नहीं, बल्कि रैम्प पर भी धूम मचा सकते हैं। हालांकि इस बात पर बहस जारी है कि क्या फैशन शोज में प्रोफेशनल मॉडल्स के बजाय सेलेब्रिटीज को रैम्प पर चलना चाहिए, लेकिन कुछ सितारों की चौंकाने वाली फीस जानकर आप हैरान रह जाएंगे।

हाल ही में गौतम ठक्कर फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस किए गए शो 'The Right Angle with Sonal Kalra' के एक एपिसोड में इस ग्लैमर की दुनिया के पीछे के बिजनेस पर रोशनी डाली गई। इस दौरान कुछ बॉलीवुड सितारों द्वारा रैम्प वॉक करने के लिए ली जाने वाली भारी-भरकम फीस का खुलासा हुआ। टॉप-टियर एक्टर्स जैसे आलिया भट्ट, विक्की कौशल और शाहिद कपूर रैम्प पर शोस्टॉपर बनकर चलने के लिए करीब 70 लाख तक की फीस लेते हैं। वहीं, अपने कूल अंदाज के लिए मशहूर आदित्य रॉय कपूर की फीस 20–25 लाख के बीच बताई जाती है। इतनी बड़ी रकमों के साथ, ये कोई हैरानी की बात नहीं कि लग्ज़री फैशन ब्रांड्स इन फिल्मी सितारों को रैम्प वॉक के लिए बुलाने को बेताब रहते हैं—न सिर्फ़ उनके स्टाइल के लिए, बल्कि उस तात्कालिक चर्चा के लिए जो वे साथ लाते हैं।





# धमाल 4 में हुई ईशा गुप्ता की वापसी



हाउसफुल 5 के बाद बॉलीवुड में कई कॉमेडी फ्रेंचाइजी से जुड़ी फिल्में बड़े पर्दे पर धमाल मचाने वाली हैं। इनमें से एक अजय देवगन स्टारर मूवी धमाल 4 भी है, जिसकी शूटिंग बड़े जोर-शोर से हो रही है।

6 साल बाद अजय देवगन अपनी मंडली के साथ दर्शकों को हंसा-हंसाकर उनके पेट में दर्द करने सिनेमाघरों में उतरने वाले हैं। यूं तो फिल्म में बड़े-बड़े धुरंधर कॉमेडी का तड़का लगाने आ रहे हैं, लेकिन एक बॉलीवुड एक्ट्रेस बोल्डनेस से धमाल मचाने के लिए कदम रखने वाली हैं। यह अदाकारा कोई और नहीं बल्कि बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता हैं। धमाल 3 में उन्होंने प्राची की भूमिका निभाई थी। अब चौथे पार्ट में भी उनकी एंट्री डायरेक्टर इंद्र कुमार ने कन्फर्म कर दी है।

# भाभीजी घर पर हैं' एक्टर ने लगाया अमिताभ बच्चन पर आरोप





बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन को सदी का महानायक कहा जाता है। अमिताभ ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में की हैं। उनकी फैन फॉलोइंग ना सिर्फ भारत में है, बल्कि उनको दुनिया जानती और पसंद करती है। कई ऐसे एक्टर्स हैं, जिन्होंने बिग बी के साथ काम करने का अपना एक्सपीरियंस शेयर किया है। उन्होंने बताया है कि बिग बी के साथ काम करने का अनुभव कैसा होता है। हालांकि एक एक्टर ने एक ऐसा बयान दिया है, जिसके बाद सभी चौंक गए हैं। टीवी के फेमस शो भाभीजी घर पर हैं में अनोखेलाल शर्मा का किरदार निभाने वाले एक्टर सानंद वर्मा ने बिग बी अमिताभ के साथ एड में काम किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में सानंद ने अमिताभ संग काम करने का अपना एक्सपीरियंस बताया। उन्होंने कहा कि पहले तो उन्होंने उन्हें, बेटे की तरह ट्रीट किया, वहीं दूसरे ही पल वो बहुत रूड हो गए।

# सोफिया अंसारी ने कई बार दिखाया ऐसा बोल्ड अंदाज



सोफिया अंसारी सोशल मीडिया पर अपने बोल्ड अंदाज से काफी पॉपुलर हैं और वह अक्सर अपनी फोटोज शेयर कर लोगों का ध्यान खींचने में कामयाब रहती हैं। उनकी सोशल मीडिया पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है और आए दिन अपना किलर अंदाज दिखाकर फैंस को घायल कर देती हैं। सोफिया अंसारी रिवीलिंग ड्रेस पहनकर अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट का एक भी मौका नहीं छोड़ती हैं, उनकी तस्वीरें शेयर होते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। सोफिया अंसारी इंस्टाग्राम पर छाई रहती हैं और उनका कातिलाना अंदाज फैंस को घायल कर जाता है। सोफिया अंसारी की एक-एक तस्वीर पर उनके तमाम चाहने वाले फैंस की निगाहें टिक जाती हैं, सोफिया अंसारी अधिकतर रिवीलिंग ड्रेस पहनकर फोटोशूट करवाती हैं और तस्वीरें शेयर करती हैं।

# ट्रांसपेरेंट ड्रेस में नोरा फतेही ने दिखाया जलवा



बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही बेहद खूबसूरत और हॉट हैं। इनका फिगर बहुत कमाल का है। इस समय एक्ट्रेस स्टाइल आइकन अवाड्र्स में गईं हुई थीं। वहां एक्ट्रेस का जलवा देख उनके फैंस एकदम हैरान हो गए। नोरा का लुक ही ऐसा है जहां जाती हैं वहां जलवा बिखर देती हैं। उस इवेंट में एक्ट्रेस एकदम बोल्ड अंदाज में पहुंची थीं, जिसे देख सब लोगों के पसीने छूट गए थे। एक्ट्रेस ने इवेंट में एक बहुत सुंदर ट्रांसपेरेंट ब्लैक ड्रेस पहना था। एक्ट्रेस का लुक देख लोग एकदम मदहोश हो गए थे। नोरा का ग्लैमरस अंदाज हर किसी के दिल को जीत लेता है। बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही बहुत बोल्ड और खूबसूरत हैं। इन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। ये एक डांसर भी हैं। इनका लुक और फिगर एकदम कमाल लगता है।

नोरा सोशल मीडिया पर भी बहुत एक्टिव रहती हैं और फोटोज वीडियो शेयर करती हैं। नोरा के कई म्यूजिक वीडियो हैं, जो खूब हिट हुए हैं। इस समय नोरा इस इवेंट में पहुंची हैं। इवेंट में नोरा का लुक किसी हुस्नपरी से कम नहीं लग रहा है। एक्ट्रेस का बोल्ड अंदाज बेहद कमाल लग रहा है। वहां के लोग उनकी खूबसूरती को देख एकदम हैरान रह गए। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की फोटो खूब वायरल हो रहीं हैं।इस फोटो में एक्ट्रेस ने ब्लैक ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहन रखी है। जिसमें ये बहुत ही ज्यादा खूबसूरत लग रहीं हैं। एक्ट्रेस ने हाई नेक वाला ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहना है। उसके साथ ही उन्होंने अपने बालों को भी खोल रखा है। एक्ट्रेस का बोल्ड अंदाज सबके होश को उड़ा रखा है। रेड कार्पेट में एक्ट्रेस का यह अवतार बहुत वायरल हो रहा है।

# 'मुझे कोई शर्म नहीं है, मैं चार बार शादी कर...



**दो शादी टूटने के पीछे किसी का दोष नहीं बल्कि उसके लिए गलत समय जिम्मेदार**

टीवी से लेकर फिल्मों में काम करने वाली एक पॉपुलर एक्ट्रेस ने अपनी दो असफल शादियों को लेकर बात की है। इसके साथ ही एक्ट्रेस का कहना है कि वह चार बार शादी कर सकती हैं। हम बात कर रहे हैं एक्ट्रेस दीपशिखा नागपाल की। दीपशिखा नागपाल ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया है कि उनकी दो शादी टूटने के पीछे किसी का दोष नहीं बल्कि उसके लिए गलत समय जिम्मेदार है,उन्होंने कहा है कि अगर चीजें सही रहती है कि वह फिर से रिलेशनशिप में आ सकती हैं। आइए जानते हैं कि उन्होंने और क्या कहा है। दीपशिखा नागपाल ने एक इंटरव्यू में फिर शादी करने के सवाल पर कहा कि एक बार से ज्यादा शादी करना कोई गलत बात नहीं है क्योंकि वह पहले ही दो तलाक ले चुकी हैं। दीपशिखा नागपाल ने कहा,'मैं तीन -चार बार शादी सकती हूं। मुझे इसमें कोई शर्म नहीं है।

# IPL हारने के बाद प्रीति जिंटा ने किया पोस्ट



बॉलीवुड को एक से बढ़कर एक फिल्में देने वाली एक्ट्रेस प्रीति जिंटा अब फिल्मों में नहीं क्रिकेट में रूचि रखती हैं। उनकी आईपीएल में किंग्स पंजाब टीम है। जो साल 2025 IPL विराट कोहली की टीम RCB से हार गई है। अब आईपीएल खत्म हुए 3 तीन लगभग 72 घंटे हो चुके हैं ऐसे में प्रीति जिंटा ने पोस्ट किया है। वह काफी इमोशनल लगी और खुश भी नजर आईं। पोस्ट में उन्होंने लिखा जो वह चाहती थी वैसा नहीं हुआ। लेकिन मुझे अपनी टीम पर गर्व है। प्रीति जिंटा ने अपनी टीम के प्लेयर्स को लेकर कई बड़ी बाते बताई। उन्होंने ये भी बताया कि उनकी टीम क्यों हार गई। प्रीति जिंटा अपनी टीम का मनोबल बढ़ाने के लिए हर सीजन में आती हैं और हार हो या जीत अपनी पूरी टीम के साथ खड़ी रहती हैं। कई बार उन्हें उदास होते हुए और खुश होते हुए भी देखा गया है। अब प्रीति जिंटा ने पोस्ट किया है और अपनी टीम और मैच को लेकर कई खुलासे किए हैं। उन्होंने लिखा, "यह उस तरह से समाप्त नहीं हुआ जैसा हम चाहते थे,लेकिन यात्रा शानदार रही। हम उदास जरूर हुए, लेकिन यह एक्साइटिंग,एंटरटेनिंग और इंस्पायरिंग था। मुझे हमारी युवा टीम, हमारे शेरों ने पूरे टूर्नामेंट में जो संघर्ष और धैर्य दिखाया, वह बहुत पसंद आया। मुझे यह बहुत पसंद आया कि किस तरह हमारे कप्तान, हमारे सरपंच ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और किस तरह भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ियों ने इस आईपीएल में अपना दबदबा बनाया।"

# श्रेयस अय्यर के प्यार में दीवानी हुई एडिन रोज

पंजाब किंग्स भले ही आईपीएल 2025 का खिताब नहीं जीत पाई, लेकिन कप्तान श्रेयस अय्यर की दीवानगी प्रशंसकों के सिर चढ़ कर बोल रही है। इसका ताजा उदाहरण है फिल्म अभिनेत्री एडिन रोज का बयान, जो उन्होंने एक इंटरव्यू में दिया। उन्होंने कहा कि वह मन ही मन इस खिलाड़ी को अपना पति मान चुकी हैं और खुद को उनके बच्चों की मां मानती हैं।

बिग बॉस 18 फेम अभिनेत्री एडिन रोज ने फिल्मी ज्ञान को दिए एक इंटरव्यू में अपने पसंदीदा क्रिकेटर पर बात की। उन्होंने बताया कि वह श्रेयस अय्यर को बहुत पसंद करती हैं। वह ऑन द स्पॉट उनसे शादी करना चाहती हैं। रोज ने यह भी कहा कि वह मन ही मन खुद को उनके बच्चों की मां मानती हैं।



**बोली- 'मैं खुद को उनके बच्चों की मां मानती हूं'**

**एडिन रोज ने गिनाईं अय्यर की खूबियां**

इस दौरान एडिन रोज ने श्रेयस की चार खूबियां भी गिनाईं। उन्होंने कहा कि अय्यर लंबे हैं। इसके अलावा डार्क और हैंडसम हैं। उनकी बियर्ड (दाढ़ी) भी अच्छी है। वह भारत का प्रतिनिधित्व भी करते हैं और देश के लिए खेलते हैं। रोज ने कहा 'मैं उनसे ऑन द स्पॉट शादी कर लूंगी। मुझे जो चार खूबियां चाहिए- वह लंबे हैं, डार्क और हैंडसम हैं, उनकी बियर्ड भी अच्छी है और मसल भी हैं। सबसे महत्वपूर्ण वह हमारे देश के लिए खेलते हैं। वह मेरे पिता की तरह दक्षिण भारत से आते हैं। मैं मानती हूं कि मैं उनके बच्चों की मां हूं। मेरे हिसाब से मैं उनसे शादी कर चुकी हैं।' श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में भले ही पंजाब खिताब नहीं जीत पाई,लेकिन 2014 के बाद टीम पहली बार फाइनल में प्रवेश करने में कामयाब रही। वह तीन अलग-अलग टीमों के साथ आईपीएल फाइनल में पहुंचने वाले पहले कप्तान हैं। श्रेयस इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ साल 2020 में और कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 2024 में आईपीएल फाइनल में पहुंच चुके हैं। उनकी कप्तानी में केकेआर ने पिछले साल खिताब भी जीता था।

# प्रियंका के पति निक को आज भी चाहती हैं माइली





ग्रैमी अवॉर्ड विनर अमेरिकन सिंगर माइली साइरस म्यूजिक की दुनिया का बड़ा नाम हैं। माइली अपने गानों के अलावा अपनी रिलेशनशिप की वजह से भी लाइमलाइट में रहती हैं। माइली जब 13 साल की थीं, तब वो निक जोनस के संग रिलेशनशिप में थीं। दोनों का रिश्ता महज दो साल चला। भले ही दोनों का रिश्ता दो साल तक चला हो लेकिन 18 साल बाद भी माइली निक को भूली नहीं हैं। हालिया एक पॉडकास्ट में निक के साथ अपने रिश्ते पर माइली ने खुलकर बात की है। उन्होंने अपने रिश्ते के कई अनसुनी बातें शेयर की हैं। पॉडकास्ट में माइली बताती हैं कि दोनों ने साल 2006 में एक दूसरे को डेट करना शुरू किया। उनका रिश्ता 2009 तक रहा था लेकिन इस दौरान कई दफा ब्रेकअप भी हुआ। जिस तरह दोनों का रिश्ता खत्म हुआ, उससे वो खुश नहीं थीं। माइली कहती हैं 'मुझे निक पसंद हैं। मैं उनसे प्यार करती हूं। लेकिन वो अब वो शादीशुदा हैं और पिता भी बन चुके हैं। हम दोनों अपनी लाइफ में आगे बढ़ चुके हैं।' माइली पॉडकास्ट में बताती हैं कि जब वो और निक जोनस साथ थे, तब निक ने उन्हें अपने म्यूजिकल टूर में शामिल नहीं किया था। निक अपने काम पर ध्यान देने लगे थे। वो खुद को डिज्नी से अलग कर रहे थे। मैं चाहती थी कि वो मेरे साथ टूर पर आए लेकिन वो अपने बैंड के साथ टूर पर जा रहे थे। इस वजह से दोनों के बीच झगड़े होने लगे थे। इस बात से उनका दिल टूट गया था। उन्हें लगने लगा था कि निक उनसे दूर जा रहे हैं और वो ऐसा नहीं चाहती थीं।

# प्यावली ताजपुर में विधायक ने किया पेयजल परियोजना का शुभारंभ




**दादरी (चेतना मंच)।** दादरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक तेजपाल सिंह नागर ने ग्राम प्यावली ताजपुर में 303.53 लाख की लागत से पेयजल परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने विधायक के प्रयासों की सराहना की।

दादरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम प्यावली ताजपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वच्छ पेयजल योजना के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। वर्षों से जल संकट का सामना कर रहे ग्रामवासियों को अब स्वच्छ पेयजल की सुविधा सुलभ होगी।

इस योजना की कुल लागत 303.53 लाख है, जिसका सीधा लाभ सैकड़ों परिवारों को मिलेगा। दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर के प्रयासों से ग्रामवासियों को यह सुविधा मिल पाई।

दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर ने बताया कि परियोजना के तहत बोरवेल ड्रिलिंग एवं ट्यूबवेल का विकास, बाउंड्रीवॉल और पंप हाउस का निर्माण, 350 किलोलीटर क्षमता की 16 मीटर ऊँचाई वाली ओवरहेड टंकी का निर्माण व HDPE पाइप लाइन वितरण नेटवर्क जिसकी कुल लंबाई 10812 मीटर शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना के जरिए 37 KW के सोलर पैनल की स्थापना, 40 KVA का जनरेटर सेट, 25 HP की क्षमता वाला पंप के साथ ही गाँव के 914 परिवारों को जल कनेक्शन प्रदान किया जाएगा और पाइपलाइन के लिए 1 मीटर गहराई की खुदाई, भराई और रोड रिपेयरिंग का कार्य भी किया जाएगा।

विकास कार्य के शुभारंभ अवसर पर रविन्द्र मित्तल प्रधान, विचित्र तोमर, नरेंद्र प्रधान, गजेन्द्र धनराज, निशान्त नागर, भूपेन्द्र नागर, बिरेन्द्र गुर्जर, शिवभजन बीडीसी, हित्तू नागर, जीतू नागर, अंकुर, रामपाल, विकास नागर, दीपक बीडीसी, योगेन्द्र नागर, विजय नागर, महेन्द्र धामा, नवीन नागर, विनय पंडित सहित सामाजिक कार्यकर्ता व वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर अवाना का नोएडा में जोरदार स्वागत

**नोएडा (चेतना मंच)।** राजस्थान में राष्ट्रीय लोक दल द्वारा नियुक्त किए गए प्रदेश



अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना का नोएडा में जोरदार स्वागत किया गया। नोएडा के सेक्टर-11 में स्थित जोगिंदर सिंह अवाना के पैतृक गाँव झुंडपुरा में ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों ने राजस्थान में रालोद के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर अवाना का भव्य स्वागत किया।

आपको बता दें कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कुछ दिन पूर्व भी नोएडा के झुंडपुरा गांव के मूल निवासी व पूर्व विधायक जोगिंदर सिंह अवाना को राजस्थान में राष्ट्रीय लोक दल का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर झुंडपुरा गांव में जोगिंदर सिंह अवाना का ग्रामवासियों व क्षेत्र वासियों ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए जोगिंदर अवाना ने कहा कि भौगोलिक रूप से देश का सबसे बड़े प्रदेश का अध्यक्ष बना के उनके कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी हमारे नेता एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने दी है। मुझे पूरा विश्वास है कि मैं जिम्मेदारी पर खरा उतरूँगा। उन्होंने सभी ग्रामवासी और क्षेत्रवासियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मुझे अपने पैतृक गांव में आकर बहुत गर्व की अनुभूति हो रही है। मेरे स्वागत सम्मान के लिए सभी ग्राम वासियों का हृदय से आभार और धन्यवाद। जो जिम्मेदारी मुझे राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दी है उसको पूरी निष्ठा एवं मेहनत से निभाने का प्रयास करूंगा।

वहीं मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि राजस्थान में तीसरे सबसे राजनैतिक दल के रूप में खडा करने का काम जोगिन्द्र सिंह अवाना करेंगे। इस अवसर पर मनोज चौधरी प्रवक्ता लोकदल, जिलाध्यक्ष जनार्दन भाटी, बाबा अंतराम तंवर, मास्टर केसरी सिंह, हरिश चौधरी, सुदेश ठेकेदार, हिमांशु अवाना प्रमुख ,बीर सिंह तंवर, जगबीर अवाना,सुंदर अवाना हरेला, डॉक्टर महेश मावी,राजन तंवर,, एडवोकेट हरीश लोहिया,वीरेंद्र मुखिया, नरेंद्र तंवर, सुरेश फौजी, भीम सिंह बंसल मैनेजर, रोहतास नंबरदार, एडवोकेट हिमांशु बैंसला, ब्रह्म सिंह अवाना मौजूद रहे।

# फेलिक्स हॉस्पिटल में स्किन सिंड्रोम से पीड़ित बच्चे का सफल इलाज

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-137 स्थित फेलिक्स अस्पताल के डॉक्टरों ने स्टैफिलोकोकल स्कैल्डेड स्किन सिंड्रोम से पीड़ित बच्चे का सफल



डॉ. नीरज कुमार




इलाज किया है। समय पर स्वस्थ होकर बच्चा घर पहुंच गया है।

फेलिक्स अस्पताल के पीडियाट्रिक्स विशेषज्ञ डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि 7 वर्षीय मास्टर खुश त्यागी को गंभीर त्वचा रोग के चलते भर्ती कराया गया था। बच्चा तेज बुखार और शरीर पर फफोले एवं लाल चकत्तों की शिकायत के साथ 23 मई को अस्पताल पहुंचा था। जांच में सामने आया कि उसे स्टैफिलोकोकल स्कैल्डेड स्किन सिंड्रोम व संभावित फिक्स्ड ड्रग इरप्शन की समस्या थी। बच्चे में को 5 दिन से लगातार तेज बुखार था। छाती और पीठ पर लाल चकत्ते और फफोले थे। त्वचा पर छिलके की तरह परत उतरना और कमजोरी और चिड़चिड़ापन की शिकायत थी।

मरीज को प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती किया गया। जहां उस पर लगातार निगरानी रखी गई। मरीज की पूरी जांच की गई। जिसमें खून की जांच (सीबीसी), लिवर फंक्शन टेस्ट (एलएफटी), किडनी फंक्शन टेस्ट (केएफटी), सी-रिएक्टिव प्रोटीन (सीआरपी), टायफाइड टेस्ट और पस कल्चर जैसी जांच शामिल कराई गई। सभी जांच रिपोर्ट में गंभीर संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई। लेकिन त्वचा विशेषज्ञ की सलाह पर उसे स्टैफिलोकोकल स्कैल्डेड स्किन सिंड्रोम या दवा से उत्पन्न त्वचा रोग के आधार पर इलाज दिया गया। उपचार के दौरान बच्चे को इंजेक्शन मोनोसेफ, वैनकोमायसिन, पैंटॉप, ईमेसट, पीसीएम, लाइनजोलीड, टेबलेट वायसोलोन, सिरप एट्रैक्स, टी-बैक्ट और फ्यूडिन-एच क्रीम, सॉफ्टरेन लोशन फ्लूइड्स और अन्य सपोर्टिव दवाएं दी गई। जबकि डॉक्टर ने डिस्चार्ज के समय सिरप ज़फ़ी-100, लाइनजोलीड, एट्रैक्स, मोंटेयर एलसी किड, टेबलेट लैंज़ोल जूनियर, वायसोलोन, त्वचा पर लगाने के लिए टी-बैक्ट ऑइंटमेंट, फ्यूडिन-एच क्रीम और सॉफ्टरेन लोशन दी गई। अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में इलाज के बाद 30 मई को बच्चे की हालत स्थिर होने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## लक्षणों को नहीं करें नजरअंदाज

**स्टैफिलोकोकल स्कैल्डेड स्किन सिंड्रोम एक गंभीर त्वचा संक्रमण है, जो स्टाफीलोकोकस ऑरीअस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह संक्रमण आमतौर पर छोटे बच्चों में होता है और त्वचा की ऊपरी परत को प्रभावित करता है। इसमें त्वचा झुलसी हुई प्रतीत होती है और उसमें से छिलके की तरह परतें उतरने लगती हैं। वहीं फिक्स्ड ड्रग इरप्शन एक प्रकार की एलर्जी प्रतिक्रिया होती है जो किसी विशेष दवा के कारण बार-बार एक ही स्थान पर त्वचा पर घाव या चकत्ते के रूप में उभरती है। बच्चों में किसी भी प्रकार की त्वचा से जुड़ी गंभीर समस्या को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय रहते उचित इलाज से गंभीर संक्रमण को रोका जा सकता है। बीमारी से बचाव के लिए जरूरी है कि बच्चों की त्वचा को साफ और सूखा रखें। किसी भी दवा का प्रयोग डॉक्टर की सलाह के बिना न करें। एलर्जी या त्वचा पर प्रतिक्रिया की स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बच्चों को संक्रमित व्यक्तियों से दूर रखें। खाने-पीने और सफाई का विशेष ध्यान रखें।**

# उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिला ब्राह्मण समाज महासंघ का प्रतिनिधि मंडल

**नोएडा (चेतना मंच)।** ब्राह्मण समाज महासंघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।



भेंट के दौरान महासंघ के प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री को नोएडा आने हेतु एक औपचारिक आमंत्रण पत्र भी सौंपा, जिसे पाठक ने सहर्ष स्वीकार करते हुए ब्राह्मण समाज को अपनी शुभकामनाएं दीं।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर नोएडा के विधायक विनय वर्मा, ब्राह्मण समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, ग्रेटर नोएडा के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, संगठन सचिव मनीष पाण्डेय, महासंघ के सचिव अशोक झा, सुनील मिश्रा, संजय शर्मा सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# चरित्र व संस्कार उन्नति का मार्ग : दर्शनाचार्या विमलेश बंसल

**नोएडा (चेतना मंच)।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में एमिटी



इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44 नोएडा में चल रहे चरित्र निर्माण शिविर में आचार्या विमलेश बंसल ने कहा कि चरित्र और संस्कारों से व्यक्ति उन्नति कर्ता है,उन्होंने कहा कि यह चरित्र निर्माण शिविर नि:संदेह सराहनीय है।उन्होंने बच्चों को चरित्र किसे कहते हैं बड़े ही सरल रूप से परिभाषित करते हुए कहा जो थोड़ी देर महकाए उसे इत्र कहते हैं जो मुसीबत में काम आए उसे मित्र कहते हैं।किंतु जो सदा सदा के लिए महकाए उसे चरित्र कहते हैं।उन्होंने कई श्लोकों मंत्रों को उद्धृत करते हुए बच्चों में नैतिक सैद्धांतिक व्यावहारिक मूल्यों को कैसे बढ़ाया जाए इस पर बखूबी प्रकाश डाला। हमारा खानपान बोलचाल सदाचरण धर्म युक्त तथा दोष मुक्त जीवन ही चरित्र निर्माण में सहायक होता है।

यहाँ बच्चे आते वक्त खरहरी लकड़ी समान होते हैं किंतु उत्तम शिक्षक आचार्य गण मात्र सात दिन में उन्हें रंधा लगाकर मुलायम, सुंदर तथा उपयोगी शोकेस की भाँति बनाकर उज्ज्वल धवल संस्कारी चरित्रवान बना परिवार समाज तथा सुखद उन्नत राष्ट्र के लिए तैयार कर देते हैं।

उन्होंने छोटे छोटे बिंदुओं द्वारा समय,अनुशासन तथा ऐश्वर्यवान बनने पर भी जोर दिया। उन्होंने बच्चों को शंका समाधान के द्वारा छह दिन में कितना सीखा उसकी भी परीक्षा की,साथ ही महापुरुषों, देशभक्तों के कार्यों से भी अवगत कराया तथा स्वरचित गीत के माध्यम से भी खेल खेल में खूब आनंद दिलाया तथा अंत में बच्चों को महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। जब तुम घर जाओगे तो तुम्हारे पूर्व के व्यक्तित्व से लौटकर के वापिस जाने के व्यक्तित्व में विशेष अंतर नजर आना चाहिए। इसके लिए जो तुमने सात दिन में सीखा डायरी में नोट किया वह तुम्हारी हृदय की डायरी में पहुंच जीवन में आना चाहिए। जिससे तुम्हे देखकर माता पिता अपनी संतति और आर्य संस्थान पर गर्व कर सकें क्योंकि संस्कारी और चरित्रवान बच्चे ही राष्ट्र की उज्ज्वल संपत्ति धन हैं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूजा सलूजा व प्रवीन आर्या पिंकी ने बच्चों को जीवन में ऊपर उठने का संदेश दिया। परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व महेन्द्र भाई ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

